नई दिल्ली

गुरुवार, 15 मई 2025

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 30

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 41

न्यून. 30

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### छह फ्लैग मीटिंग और 84 बार बजी सीटी

## 504 घंटे में पाकिस्तान की कैद से बीएसएफ जवान पूर्णम की रिहाई



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


पाकिस्तान ने बुधवार को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा के रास्ते 23 अप्रैल को पकड़े गए बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को भारत को सौंप दिया। कॉन्स्टेबल को पाकिस्तान रेंजर्स ने सुबह 10:30 बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार की गई। पंजाब के फिरोजपुर में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश करने वाले बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ की बुधवार को रिहाई हो गई है। वे सकुशल वापस पहुंच गए हैं। शॉ की सुरक्षित रिहाई के लिए बीएसएफ़ ने अथक प्रयास किया था। पाकिस्तान की कैद से 504 घंटे में हुई बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए छह से अधिक फ्लैग मीटिंग की गई तो वहीं अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर 84 बार सीटी बजाई गई थी। सीओ लेवल की मीटिंग के अलावा बीएसएफ और रेंजर्स के शीर्ष अधिकारियों ने भी इस मुद्दे पर बातचीत की। अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर बीएसएफ, रोजाना तीन से चार बार सीटी बजाकर या झंडा दिखाकर पाकिस्तानी रेंजर्स को बातचीत का सिग्नल भेजा गया। कई बार फ्लैग मीटिंग भी हुई। यह बात तय हो गई थी कि पाकिस्तानी रेंजर्स के लिए लंबे समय तक बीएसएफ ▸▸ शेष पेज 5 पर

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक, सुरक्षा हालात की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीते 10 मई को भारत-पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) की ▸▸ शेष पेज 5 पर

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेनाप्रमुख आज करेंगे जम्मू-कश्मीर का दौरा





सीडीएस तीनों सेनाप्रमुखों ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

### सैन्य कमांडर देंगे तैयारियों की जानकारी

सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री और सेनाप्रमुख को जम्मू-कश्मीर पहुंचने पर इलाके में तैनात सेना की विभिन्न कोर के वरिष्ठ अधिकारी ब्रीफ करेंगे। दोनों सुदूर सीमावर्ती जगहों पर तैनात सेना के जवानों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ा सकते हैं। रक्षा मंत्री की इस यात्रा के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह आने वाले समय में देश के बाकी भागों में मौजूद सरहदी सैन्य इलाकों या सीमावर्ती राज्यों का दौरा कर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पूर्व अधिकारियों से हुई सेनाध्यक्षों की मुलाकात

तीनों सेनाप्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पूर्व सैन्य अधिकारियों और थिंक टैंक के प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया। जिसमें उन्होंने सेनाओं के अभियान के साथ ही मुख्य रूप से राजनीतिक मार्गदर्शन के जरिए तीनों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### जम्मू के कुछ इलाकों का दौरा कर सकते हैं राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। जिसमें उनके साथ सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री, सेनाप्रमुख की केंद्रशासित प्रदेश की यह एक दिवसीय यात्रा होगी। जिसमें वह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई को रोकने के तुरंत बाद रक्षा मंत्री और सेनाप्रमुख की जम्मू-कश्मीर की यह पहली संयुक्त यात्रा होगी। सूत्र हालांकि ये भी बता रहे हैं कि रक्षा मंत्री और जनरल द्विवेदी कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ ही जम्मू के कुछ इलाकों का दौरा कर वहां बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात का जायजा ले सकते हैं। मालूम हो कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में तोपों के जरिए की गई भारी गोलीबारी की चपेट में भारत के एलओसी और आईबी से लगे हुए इलाकों में रहने वाले लोग भी आए हैं। कई निर्दोष लोगों ▸▸ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक




**नई दिल्ली।** भारतीय जैवलिन थ्रो (भाला फेंक खिलाड़ी) और डबल ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्रदान की गई है। कानूनी दस्तावेज, द गजट ऑफ इंडिया के अनुसार नीरज चोपड़ा की नियुक्ति 16 अप्रैल 2025 से प्रभावी हुई। नीरज चोपड़ा का पद सूबेदार मेजर दिया या है।

### जेएनयू ने स्थगित किया तुर्किये से समझौता



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए उसे रक्षा उपकरण मुहैया कराए थे। ऐसे में देशभर में तुर्किये बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जेएनयू ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है।

### टिकटॉक ने लॉन्च किया नया एआई फीचर



**नई दिल्ली।** टिकटॉक ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर लॉन्च किया है, जिसका नाम एआई अलाइव है। यह टूल किसी भी इमेज को एनिमेटेड वीडियो में बदल सकता है। फिलहाल यह फीचर केवल टिकटॉक स्टोरीज में इस्तेमाल किया जा सकता है। टिकटॉक ने एक न्यूजरूम पोस्ट के जरिए इस फीचर की घोषणा की।

### अगले सप्ताह 19 मई को संसद भवन एनेक्सी में होगी बैठक

# भारत-पाक तनाव के बीच संसदीय स्थायी समिति को जानकारी देंगे विदेश सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री अगले सप्ताह सोमवार (19 मई) को विदेश मंत्रालय की संसद की स्थायी समिति को जानकारी देंगे। लोकसभा सचिवालय की तरफ से समिति में शामिल सभी 31 सांसदों (लोकसभा-राज्यसभा को मिलाकर) को इसके बारे में सूचित किया गया है। मामले पर समिति की यह बैठक संसद भवन एनेक्सी में होगी। पिछले महीने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में हुई 26 नागरिकों की दर्दनाक मौत के बाद भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत-पाकिस्तान की एक-दूसरे के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई की पृष्ठभूमि में यह महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। जिसमें विदेश सचिव पहली बार संसदीय समिति से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होंगे। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच बीते 10 मई को संघर्षविराम के साथ एलओसी-आईबी से लेकर बाकी सीमाई राज्यों में गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति बनी है। फिलहाल बीते करीब तीन दिनों से सीमाओं पर दोनों ओर शांति कायम है।

### समिति के सभी 31 सांसदों (लोकसभा-राज्यसभा को मिलाकर) को सूचित किया गया है



### पीएम ने साफ कर दिए भारत के इरादे

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि अब अगर उसके पाले हुए आतंकियों ने हमारी धरती पर आतंक का अपना नापाक खूनी खेल खेलने की कोशिश की तो उसे भारत के खिलाफ युद्ध माना जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों के पास पाकिस्तान में छिपने के लिए कोई जगह नहीं बची है। भारत आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति यानी जीरो टॉलरेंस को लेकर अडिग है। देश की सीमाओं की हिफाजत में सशस्त्र सेनाएं चौबीसों घंटे हाईअलर्ट की मुद्रा में तैनात हैं। पाकिस्तान की कोई भी गुस्ताखी उसे बहुत महंगी पड़ेगी।

### दो दिन की होगी समिति की बैठक

लोकसभा सचिवालय के नोटिस के मुताबिक, 19 और 20 मई 2025 को विदेश मंत्रालय से जुड़े जरूरी मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए संसदीय समिति की यह बैठक होगी। जिसकी शुरुआत में 19 मई को विदेश सचिव विक्रम मिस्री वर्तमान में देश की विदेश नीति से जुड़े घटनाक्रमों के बारे में जनप्रतिनिधियों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शशि थरूर ने भी की बैठक की पुष्टि

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने भी 19 मई को होने वाली बैठक की पुष्टि की है। वहीं, विदेश सचिव पहले भी बांग्लादेश, कनाडा और अन्य पड़ोसी देशों के विदेश नीति से जुड़े मामलों पर संसदीय समिति को अवगत कराते रहे हैं। वर्तमान में बनी हुई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भी उन्होंने कई देशों के प्रतिनिधियों को ऑपरेशन सिंदूर के पीछे छिपे भारत के उद्देश्य और महत्वपूर्ण संदेश के बारे में भी बताया है। यह संसदीय समिति विदेश मंत्रालय की नीतियों और कार्यों की निगरानी करने वाली एक अहम समिति है। समय-समय पर इसकी बैठकें आयोजित की जाती हैं।

### लोकसभा के 21, राज्यसभा के 10 सदस्य

समिति के कुल 31 सदस्यों में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। इसके अध्यक्ष शशि थरूर हैं। उनके अलावा लोकसभा से विजय बघेल, अरुण गोविल, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, नवीन जिंदल, रविशंकर प्रसाद, बांसुरी स्वराज, असदुद्दीन ओवैसी, अपराजिता सारंगी शामिल हैं। जबकि राज्यसभा से किरण चौधरी, सागरिका घोष, राजीव शुक्ला, ए.डी.सिंह और डॉ.सुधांशु त्रिवेदी मुख्य हैं।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने के पक्ष में विपक्ष

कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष के बाकी राजनीतिक दल भारत-पाक तनाव के बीच सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर चुके हैं। जिसमें उनका कहना है कि इस दौरान तमाम राजनीतिक दल ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की गई भारतीय सैन्यबलों की कार्रवाई की सराहना करेंगे, मामले पर विचार-विमर्श के अलावा सरकार अपने मत को संसद के समक्ष रखेगी। फिलहाल केंद्र की तरफ से संसद के विशेष सत्र को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विपक्ष के तमाम घटक दलों को सैन्य अभियान और सरकार के पक्ष से विस्तार से अवगत करा चुके हैं। सभी दलों ने एकजुटता के साथ पहलगाम हमले की निंदा करते हुए सशस्त्र सेनाओं द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही मुश्किल समय में सरकार को पूर्ण रूप से अपना समर्थन प्रदान किया है।

### बोले रणधीर जायसवाल, चीन के रचनात्मक नामकरण से नहीं बदलेगी जमीनी सच्चाई

## भारत ने अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने पर चीन को दिया करारा जवाब



**अरुणाचल प्रदेश हमेशा रहेगा भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान के साथ जारी तनाव अभी पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ है कि अब भारत के एक और पड़ोसी देश चीन ने अपनी कुटिल चाल चल दी है। जिसमें उसने एक बार फिर से अरुणाचल प्रदेश के कुल करीब 27 स्थानों का नाम बदल दिया है। भारत ने बुधवार को इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए चीन के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विदेश मंत्री जता चुके आपत्ति

गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश की जगहों का नाम बदलने का प्रयास किया है। पिछले साल 2024 में भी ड्रैगन ने अरुणाचल प्रदेश की करीब 30 जगहों का नाम परिवर्तित कर नए नामों की एक सूची जारी की थी। जिस पर भारत की तरफ खुद विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए चीन का ये ▸▸ शेष पेज 5 पर

### न्यायमूर्ति गवई ने 52वें सीजेआई के रूप में शपथ ली

## जस्टिस गवई बोले-वादा नहीं, काम करूंगा न्यायपालिका की साख को 'और बढ़ाऊंगा'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। वह देश के पहले बौद्ध और दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश बने हैं। इससे पहले न्यायमूर्ति केजी बालकृष्णन दलित समुदाय से पहले सीजेआई बने थे। न्यायमूर्ति गवई को राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे। इस मौके पर सीजेआई ▸▸ शेष पेज 5 पर

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी

## यूपी के जेवर में सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना को मंजूरी, 3700 करोड़ होंगे खर्च

**भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को दी जा चुकी मंजूरी**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी। इस पर 3,706 करोड़ रुपये का निवेश होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र में मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाहन, अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप का विनिर्माण होगा। उन्होंने बताया कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

## हाईकोर्ट के आदेश पर महू में मंत्री शाह पर एफआईआर, इस्तीफा किसी भी वक्त

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान की गूंज देश भर में सुनाई देने लगी है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने इस पर खुद संज्ञान लेते हुए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि मंत्री शाह के खिलाफ तत्काल प्रकरण दर्ज किया जाए। हाईकोर्ट के आदेश पर महू के मानपुर थाने में देर रात मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। माना जा रहा है कि अब शाह का इस्तीफा भी किसी भी वक्त आ सकता है। भाजपा शाह को पार्टी से निकालने पर भी विचार कर रही है। कोर्ट ने बयान को देश की अखंडता को खतरे में डालने वाला और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाला माना है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण, ▸▸ शेष पेज 5 पर

### तुर्की और अजरबैजान के आतंकी परस्त पाकिस्तान की मदद का सिला

# चौतरफा बहिष्कार की घोषणा, व्यापारियों ने व्यापार किया बंद, पर्यटकों ने रद्द की बुकिंग्स

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने तुर्की और अजरबैजान के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए भारतीय व्यापारियों और नागरिकों से इन देशों के साथ व्यापार और पर्यटन को पूरी तरह से बंद करने की अपील की। यह अपील भारत-पाकिस्तान तनाव और तुर्की व अजरबैजान द्वारा पाकिस्तान के समर्थन के जवाब में की गई है। संगठन ने नागरिकों से इन देशों की यात्रा (पर्यटन) का भी पूर्ण बहिष्कार करने की अपील की, ताकि इन देशों की अर्थव्यवस्था को भारतीय पर्यटकों से मिलने वाला राजस्व प्रभावित हो। तुर्की और अजरबैजान ने हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम आतंकी हमले के बाद, पाकिस्तान का खुला समर्थन अब उसे महंगा साबित होने जा रहा है। पाकिस्तानी आतंकियों का समर्थन करने वाले इन देशों के खिलाफ भारतीयों में चौतरफा गुस्सा है। वो भी तब जब तुर्की में आए भीषण भूकंप में सबसे पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाला राष्ट्र भारत था। उसके बाद भी भारत के खिलाफ तुर्की ने न केवल पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए बल्कि अपने सैनिकों की तैनाती ड्रोन ऑपरेट करने के लिए पाकिस्तान की धरती पर की। संगठन का कहना है कि ये देश भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान ▸▸ शेष पेज 5 पर

### तुर्की बदहवास, भारतीयों से पर्यटन रद्द न करने की अपील

तुर्की के पर्यटन विभाग ने भारतीय यात्रियों से अपील की कि वे अपनी यात्रा योजनाओं को रद्द न करें, यह कहते हुए कि तुर्की में भारतीय पर्यटकों के लिए कोई खतरा नहीं है। इस अपील को भारतीय सोशल मीडिया पर भारी आलोचना का सामना करना पड़ा, और इसे 'तुर्की की बौखलाहट' के रूप में देखा गया। व्यापारिक संगठनों ने विशेष रूप से तुर्की के सेब और अन्य उत्पादों के आयात को रोकने की मांग की है। पुणे जैसे शहरों में व्यापारियों ने तुर्की के सेब का बहिष्कार शुरू कर दिया है। संगठन ने व्यापारियों से कहा कि वे इन देशों से कोई भी सामान न खरीदें और न ही बेचें, ताकि उनकी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़े। तुर्की और अजरबैजान के साथ-साथ चीन के उत्पादों का भी बहिष्कार करने की अपील की, क्योंकि चीन भी पाकिस्तान का समर्थक माना जाता है। सोशल मीडिया पर दोनों देशों के खिलाफ ट्रेंड जोर पकड़ रहा है, जिसमें कई नेता और नागरिक इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं। इंडिगो ने तुर्की के लिए छह उड़ानों को रद्द करने की घोषणा की है, जिससे इस बहिष्कार का प्रभाव और बढ़ गया है।




## सवा तीन करोड़ का चूना लगाने वाला मैनेजर अरेस्ट

नई दिल्ली। आर्थिक अपराध शाखा ने एक कंपनी के मैनेजर को करोड़ों के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी के आरोपी मैनेजर का नाम विनय नेगी है। इस पर 3.23 करोड़ रुपये की धनराशि के गबन और आपराधिक विश्वासघात का आरोप है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता कंपनी नैब फाइनेंस एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड ने आरोप लगाया कि मैनेजर विनय नेगी लोन विभाग का प्रभारी था। कर्जदारों के लोन अकाउंट और अन्य रिकॉर्ड के अनुसार ग्राहकों को पैसे वितरित किए गए, लेकिन वास्तविक कर्जदारों को ऐसा कोई पैसा नहीं मिल सका। आरोपी विनय नेगी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर अपने निजी बैंक खातों और अपने सहयोगी अमित भंडारी के बैंक खाते में कुल 3.23 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की या गबन कर ली। हालांकि, बाद में हुई जांच में लगभग 5 करोड़ के गबन का पता चला था। बैंक खातों की जांच से पता चला कि आरोपी विनय नेगी ने गबन की गई रकम एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक में खोले गए अपने दो बैंक खातों और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में खोले गए अपने सहयोगी अमित भंडारी के बैंक खाते में प्राप्त की थी। आरोपी विनय नेगी को उसके सेक्टर 3, वसुंधरा, गाजियाबाद, यूपी आवास से गिरफ्तार किया गया। इसका सह-आरोपी अमित भंडारी अभी भी फरार है। आरोपी नेगी को शेयर बाजार में पैसा लगाने की आदत है तथा वह ऑप्शन ट्रेडिंग में पैसा लगाकर बहुत सारा पैसा कमाने की महत्वाकांक्षा रखता था।

### इस मामले में दो लोगों को पकड़ा

# तिलक नगर में व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ख्याला थाना इलाके में बीडी के विवाद में एक शख्स की पीट पीटकर हत्या के बाद तिलक नगर इलाके में भी झगड़े में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम पिंटू बताया गया है। उसे मंगलवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में भी दो लोगों को पकड़ लिया गया है।

डीसीपी विचित वीर के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पिंटू का दो लोगों से झगड़ा हुआ था, जिन्होंने कथित तौर पर उसे बुरी तरह से लात-घूंसों से मारा। प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और घटनास्थल से मिली जानकारी के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान करने में मदद मिली और कुछ ही घंटों बाद उन्हें पकड़ लिया गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।



### हत्या के प्रयास में पिता पुत्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले की वेलकम पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में शामिल पिता-पुत्र को 24 घंटों के भीतर गिरफ्तार किया है। अपराध के दौरान इस्तेमाल किया गया एक चाकू व एक उस्तरा भी इनसे बरामद हुआ है। दोनों अभियुक्तों के नाम मोहम्मद शहजाद (55) और मोहम्मद साकिब (19.5) है। डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के अनुसार 12 मई को वेलकम थाने की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कबीर नगर में एक व्यक्ति के गले पर चाकू से वार किया गया है। तत्काल ही एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पाया कि घायल व्यक्ति नासिर (42) पुत्र मुख्तार निवासी गली नंबर-1, हमजा मस्जिद के पास, कबीर नगर को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवेक त्यागी एसीपी भजनपुरा के नेतृत्व में इंस्पेक्टर रूपेश कुमार खत्री एसएचओ वेलकम की एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। आसपास के कैमरों के फुटेज का गहन अध्ययन किया और इलाके में फैले हुए मुखबिरों से जानकारी इकट्ठा कर संदिग्ध पिता-पुत्र की जोड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी साकिब नाई का काम करता है और घटना से पहले उसका पीड़ित से किसी बात को लेकर झगडा हुआ था। इस पर साकिब ने अपने पिता को बुला लिया और दोनों ने मिलकर पीड़ित पर चाकू तथा उस्तरे से हमला कर दिया।

### बीड़ी विवाद में हत्या करने वाले दोनों आरोपी दबोचे

नई दिल्ली। ख्याला में सोमवार देर रात बीड़ी देने से इनकार करने पर एक व्यक्ति की कथित रूप से पिटाई और कुछ घंटों बाद पीड़ित की मौत हो जाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान कन्हैया (33) के रूप में हुई थी। गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों के नाम विनोद (27) और ऑटो चालक अर्जुन (39) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार विनोद पेशे से रसोइया है। अर्जुन ऑटो चालक है। दोनों रघुबीर नगर में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि कन्हैया सोमवार रात अर्जुन के घर के बाहर बीड़ी पी रहा था। इसी दौरान विनोद और अर्जुन ने उससे बीड़ी मांगी तो कन्हैया ने इंकार कर दिया। इसे लेकर उनका झगड़ा शुरू हो गया, जिसमें दोनों लोगों ने मिलकर कन्हैया की कड़े से पिटाई कर दी थी। घायल होने के बावजूद व्यक्ति खुद ही गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल गया, जहां उसे चिकित्सा सहायता देकर घर भेज दिया गया। अस्पताल द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी। कुछ घंटों बाद पीड़ित की हालत बिगड़ गई और उसे मंगलवार की सुबह अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को सुलझाने के लिए कई टीमें गठित की थी। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने और स्थानीय लोगों से पूछताछ करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# 14 लोगों से नौ करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक धार्मिक उपदेशक/आध्यात्मिक गुरु के 14 अनुयायियों को उच्च रिटर्न का वादा कर फर्जी निवेश योजनाओं में फंसाकर नौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोपी 44 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी मोहित वाधवा उर्फ मनु को सुभाष नगर से गिरफ्तार किया गया। दरअसल आरोपी व उसके कुछ साथी गुरुजी नामक एक आध्यात्मिक व्यक्ति के भक्त थे और छतरपुर के बड़े मंदिर में नियमित रूप से 'सत्संगों' में भाग लेते रहते थे। यहीं उन्होंने साथी भक्तों का विश्वास हासिल किया था। आरोपी पहले भी ठगी के मामले में शामिल रहा है।

डीसीपी अमित वर्मा के अनुसार धार्मिक समुदाय के भीतर बने भरोसे का लाभ उठाते हुए उन्होंने कथित तौर पर लोगों को दुबई की विभिन्न योजनाओं में निवेश करने का लालच दिया। आरोपियों ने उच्च रिटर्न का वादा किया और सितंबर 2017 से सितंबर 2020 के बीच कई किस्तों में लगभग नौ करोड़ रुपये एकत्र किए। गुरप्रीत कौर राय की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद तीन और परिवार सामने आए जिससे ठगे गए लोगों की कुल संख्या 14 हो गई। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बार बार आश्वासन देने के बावजूद आरोपियों ने न तो पैसा लौटाया और ना ही कथित निवेश के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध कराए। डीसीपी ने कहा कि अब तक एकत्र किए गए साक्ष्य मोहित वाधवा के खिलाफ आरोपों की पुष्टि करते हैं और उसके सहयोगियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। आरोपी महज 12वीं पास है और शादीशुदा है। उसने पहले भी अपने घर पर सत्संग का आयोजन किया था, जिसमें गुरुजी के भक्तों की बड़ी भीड़ जुटी थी। वाधवा को पहले भी निवेशकों से जुड़े इसी तरह के धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## अशोक विहार थाने में लगी आग कागजात और फर्नीचर जला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार थाने में बुधवार को आग लग लगने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में पूरे थाने का स्टाफ बाहर निकाला गया और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार आग सुबह करीब साढ़े 10 बजे एटीओ इंस्पेक्टर के रूम में लगी थी। शुरुआती तौर पर पुलिस का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग में कमरे में रखा फर्नीचर और कुछ फाइलें जल गई। गौरतलब है कि इसी थाना परिसर में डीसीपी ऑफिस भी है।

**अमृत भारत स्टेशन योजना के साइनेज का प्रावधान**

निविदा संख्या : CTSKSIGNAGEABSS 12025; दिनांक: 09-05-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। कार्य का नाम: तिनसुकिया मंडल (डिब्रुगढ़, न्यू तिनसुकिया, मरियानी जं., जोरहाट टाउन, शिमलगुड़ी जं. और शिवसागर टाउन) में अमृत भारत स्टेशन योजना के 06 स्टेशनों पर साइनेज का प्रावधान। निविदा मूल्य: ₹3,88,49,154.93/-; अग्रिम राशि: ₹3,44,300/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 09-06-2025 को 11:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

डीसीएम (आईसी), तिनसुकिया

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## डीएमआरसी कर रही ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 19 मई तक ले सकते हो हिस्सा

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) का ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण आगामी 19 मई 2025 को समाप्त होने वाला है। अगर आप मेट्रो के नियमित यात्री यानी ग्राहक है और डीमएआरीसी को अपनी सलाह अथवा शिकायत करना चाहते है तो ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में हिस्सा जरूर लें। यह सर्वेक्षण डीएमआरसी की वेबसाइट पर अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध है। जानकारी अनुसार लंदन स्थित ट्रांसपोर्ट स्ट्रेटेजी सेंटर (टीएससी) द्वारा आयोजित यह सर्वेक्षण मेट्रो सेवाओं पर जनता की प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए कॉमेट बेंचमार्किंग समूह की पहल का हिस्सा है। यह डीएमआरसी का ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण का 12वां संस्करण है, जो इस समय चल रहा है। डीएमआरसी कही माने तो सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य दिल्ली मेट्रो परिचालन के विभिन्न पहलुओं पर यात्रियों की राय और सुझाव एकत्र करना है। जिससे डीएमआरसी अपनी सेवाओं की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने में सहयोगी मानती है। डीएमआरसी का मानना है कि ऐसे सर्वेक्षण द्वारा यात्रियों को बेहतरीन सेवा की उपलब्धता, सटीक पहुंच, उपयोग में आसानी, ग्राहक सेवा, आराम, यात्रा की विस्तृत जानकारी, विश्वसनीयता, सुरक्षा और समग्र संतुष्टि आदि पर अपने अनुभव और विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। डीएमआरसी मानती है कि सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त होने वाले सभी फीडबैक से अपनी कमियों का आकलन करना आसान व समग्र विस्तार की राह दिखाता है। इससे डीएमआरसी नेटवर्क को ग्राहकों की अपेक्षाओं को समझने और उनसे सीखने में मदद मिलेगी जो यात्रियों को प्रभावी और संतोषजनक लगती हैं।

### व्यापारियों के संगठन कैट ने लोगों से की तुर्किए व अजरबैजान के बॉयकॉट की अपील

नई दिल्ली। भारत पाकिस्तान तनाव में तुर्किये और अजरबैजान द्वारा पाक का साथ देने के बाद भारतीयों ने अब इनका बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भारत के व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दोनों देशों का आर्थिक बहिष्कार करने की अपील की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने व्यापारियों और आम जनमानस से आह्वान किया है कि तुर्किये और अजरबैजान की यात्राओं का पूरी तरह से बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि इन दोनों देशों के बहिष्कार करने से उनकी अर्थव्यवस्था खासकर पर्यटन क्षेत्र पर बुबहुत रा प्रभाव पड़ेगा। खंडेलवाल ने बताया कि वर्ष 2024 के डेटा को देखें तो तुर्किये में कुल विदेशी आगमन 62.2 मिलियन पर्यटक रहे है। जिनमें भारत से ही करीब 3 लाख टूरिस्ट पहुंचे थे। जबकि 2023 की तुलना में भारतीय टूरिस्ट की 20.7 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। उन्होंने बताया कि तुर्किये का कुल पर्यटन राजस्व 61.1 विलियन डॉलर था। एक भारतीय पर्यटक का औसत खर्च 972 डॉलर होता है। यानी अनुमानित भारतीय खर्च 291.6 मिलियन डॉलर के करीब होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय टूरिस्ट तुर्किये नहीं जाने से जहां उन्हें 291.6 मिलियन डॉलर का नुकसान होगा, वहीं, 2024 में अजरबैजान में कुल विदेशी आगमन करीब 2.6 मिलियन टूरिस्ट थे। इसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या करीब 2.5 लाख रही। यहां भारतीय पर्यटक औसतन 1276 डॉलर खर्च करता है। ऐसे में हिंदुस्तानी टूरिस्ट का खर्च करीब 308.6 मिलियन होगा। यदि भारतीय टूरिस्ट अजरबैजान का बहिष्कार करेंगे, तो उन्हें 308.6 मिलियन डॉलर का घाटा होगा। खंडेलवाल ने अपील की है कि हमें अपने देश, अपनी सेना का साथ देना है। इसलिए सबसे पहले जरूरी है कि भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का साथ तुर्किये और अजरबैजान ने खुलकर दिया। ऐसे में हमारे सामने भी यह चुनौती है कि एक एक भारतीय अपने देश का साथ जरूर दे।

## एमसीडी ने अतिक्रमण मुक्त कराएं फुटपाथ और मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ नरेला जोन में डेढ किमी पर हुई कार्रवाई

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पुलिस बल के साथ नरेला जोन में अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान करीब डेढ़ किमी फुटपाथों, सरकारी स्थलों और सड़कों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार एमसीडी के नरेला जोन उपायुक्त राकेश कुमार के निर्देश पर जनरल ब्रांच से एलआई सुनील सहरावत, एपीएचआई प्रवीण राठी आदि ने पुलिस की उपस्थिति में पूठ कलां में रॉयल मार्किट में फुटपाथ आदि जगह से अतिक्रमण पर पीला पंजा चलवाया। बताया गया कि पार्षदों से अनेकों मार्गों पर अतिक्रमण की शिकायतें मिलती रहती हैं जिन पर निगम प्रशासन कार्रवाई करता रहता है। वहीं, एलआई सुनील सहरावत ने बताया कि ए. सी. जय प्रकाश के मार्गदर्शन में नियमानुसार अतिक्रमण पर कार्रवाई करते रहते हैं ताकि नागरिकों को आवागमन के चलते दिक्कतें ना हो। उन्होंने बताया कि इससे नालों की सफाई में भी मदद मिलेगी।

## कर्नल सोफिया के खिलाफ टिप्पणी करना देश के सैनिकों का अपमान करना है: पुष्पा सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान के युद्ध जैसे माहौल में भारतीय सेना की महिला अधिकारी के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने इस मुददे पर कहा कि यह बेहद शर्मनाक और महिलाओं के खिलाफ छोटी मानसिकता का सूचक है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ भारत के वीर सैनिकों में महिला अधिकारियों ने अपनी भूमिका को साबित किया है। वहीं मध्य प्रदेश सरकार में एक मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर जिस प्रकार उन पर अभद्र टिप्पणी की है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोफिया मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा महिला कर्नल सोफिया पर की गई टिप्पणी बताती है कि ऐसे नेता सत्ता के नशे में इतना गिर चुके हैं कि अब वो देश की बहादुर बेटियां के विरुद्ध भी जहर उगल रहे हैं। यह न सिर्फ सेना बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि भाजपा को चाहिए कि ऐसे मंत्री, नेता को पार्टी से तुरंत निकाल बाहर करें। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। लेकिन उसी सेना में महिला कर्नल की बहादुरी को सलाम करने के बजाए उस पर अच्छी टिप्पणी करते है। इन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ना नहीं चाहिए।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि जो स्क्रीनिंग टेस्ट्स 11.05.2025 को आयोजित किए जाने निर्धारित थे, को नीचे वर्णित अनुसार एतद द्वारा पुनर्निर्धारित किया गया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की नई तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैमिस्ट्री विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 43/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 29.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | फिजिक्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 61/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 29.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |

टिप्पणी : उम्मीदवारों को नये सिरे से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने का निर्देश दिया जाता है। इस सम्बन्ध में एक घोषणा यथासमय की जाएगी।

दिनांक : 14.05.2025 हस्ता/- सचिव
संवाद-1156/13/323/2026/34776/88/7 दि. 14.05.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 03/2025** **प्रकाशन की तिथि : 14.05.2025**

आयोग हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला में जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी, (ग्रुप-बी) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है:

| क्र. क्र. | पद का नाम | सामान्य/ अनारक्षित | हरि. के वंचित अनुसूचित जाति | पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (i) | जिला विपणन प्रवर्त्तन अधिकारी | 03 | 01 | 04 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 21.05.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 10.06.2025 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 10.06.2025 अप. 5:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 13.05.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/322/2026/34751/88/7 दि. 14.05.25 पंचकूला

# पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के कारण दिल्ली का युवा नशे में धकेला जा रहा : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरते हुए आरोप लगाए कि पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के कारण दिल्ली का युवा नशे में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ दिल्ली जहां हत्या, बलात्कार, गैंगवार, अपहरण और गोलीबारी के मामलों में नम्बर वन है। वहीं ड्रग्स माफिया की सक्रियता के चलते दिल्ली नशे का अड्डा बनती जा रही है। क्योंकि दिल्ली में अपराध रोकने में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यह चिंताजनक है कि दिल्ली में हो रहे अपराधों में जहां हत्या, डकैती, गोलीबारी, गैंगवार, अपहरण, झपटमारी, बलात्कार, और छेड़छाड के मामलों में पहली तिमाही में अत्यधिक वृद्धि हुई है वहीं दिल्ली को नशे का अड्डा बनाने में ड्रग माफिया चौतरफा अपने पैर पसार रहा है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली की कानून व्यवस्था बेहतर रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 28 फरवरी को बैठक की थी। परंतु दिल्ली पुलिस की 2025 की पहली तिमाही रिपोर्ट में खुलासा हो गया है कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की बैठक सिर्फ औपचारिकता के लिए हुई थी। यह दिल्लीवासियों का दुर्भाग्य है कि पिछले 12 सालों से दिल्ली में ऐसे लोग सत्ता में रहे जो आम लोगों की सुरक्षा और दिल्ली की कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने में गंभीर नही है। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार जनवरी से मार्च, 2025 तक 107 हत्या और 168 लोगों की जान लेने के प्रयास, 315 डकैती के मामले, झपटमारी के 1199 मामले, महिलाओं से छेड़छाड़ 379 मामले और 370 बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हुए है। उन्होंने कहा कि यह अति संवेदनशील है कि पहली तिमाही में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार की प्रतिदिन 4-5 घटनाएं हो रही है। प्रतिदिन 3 से अधिक डकैती और एक से अधिक हत्या के मामले दर्ज हुए है।

### वृद्धों और बच्चों के साथ अपराधों के मामलों में दिल्ली पहले नम्बर पर

यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली पुलिस पर प्रति वर्ष 11-12 हजार करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद दिल्ली अपराधिक राजधानी बनी हुई है। महिला अपराध जहां राष्ट्रीय स्तर पर 66.4 प्रतिशत है वहीं दिल्ली 134 प्रतिशत के साथ पहले नम्बर पर है। यही नहीं वृद्धों और बच्चों के साथ अपराधों के मामलों में भी दिल्ली पहले नम्बर पर है। यादव ने कहा कि दिल्ली में हर दिन करोड़ो की ड्रग्स पुलिस द्वारा पकड़ी जा रही है परंतु फिर भी दिल्ली में सरे आम ड्रगस बिक रही है। इतनी बड़ी संख्या में राजधानी दिल्ली के बॉर्डर से अंदर आने वाली ड्रग्स जो युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने के लिए आखिर कौन लोग सक्रिय है। 8 मई को सागरपुर में 45 लाख की ड्रग्स पकड़ी गई। 9 मई को 900 करोड़ की 82.53 किलो ड्रग्स पकड़ी गई। 2 अप्रैल को 8.75 करोड़ और 31 मार्च को 27 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई जिसमें 5 अफ्रीकी नागरिक पकड़े गए। उन्हांने कहा कि भाजपा हो या आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है। यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 1 दिसम्बर 2024 को दिल्ली को नशामुक्त बनाने के लिए मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन अभियान शुरू किया लेकिन वह भी पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में वर्ष 2025-26 हेतु लाडवा निर्वाचन क्षेत्र के तहत सहारनपुर कुरूक्षेत्र रोड (आरएचएस) की पहुंचों और सम्पर्क की 11.2 मिमी मोटी स्टोन चिपिंग की आपूर्ति के लिए वार्षिक रखरखाव + 8 कार्य। | 09.05.2025 16.05.2025 | 17.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय कॉलोनी में जेडी, जेई, जेएफ, ई, एफ, डी टाइप क्वार्टर्स के लिए मेन निच की एस/आर और बी2, सी-टाइप क्वार्टर्स में कॉपर वायरिंग सहित एल्यूमीनियम वायर को बदलना + 1 कार्य। | 12.05.2025 19.05.2025 | 27.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | करनाल जिले में कि.मी. 0.00 से 19.500 तक करनाल-राम्बा-इन्द्री-लाडवा रोड (रोड आईडी 7169) की 4-लेनिंग के निर्माण हेतु सी/वी में प्लांटेशन के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव + 3 अन्य कार्य। | 15.05.2025 21.05.2025 | 31.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 4 | पंचायती राज राजौंद | गांव खेड़ी राववाली पंचायत घर में कमरा 15*15 का निर्माण (एमपी एलएडी)। | 12.05.2025 17.05.2025 | 2.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव मटोर ब्लॉक कलायत में जोगिन्दर से चौशाला रोड तक ब्रिक पेवमेंट रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 12.05.2025 19.05.2025 | 12.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव बल्लाह, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में स्टेडियम में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 13.05.2025 02.06.2025 | 42.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | कुटैल - कुटैल ब्लॉक घरौंडा में सिंचाई प्रयोजन हेतु पाल कॉम. सेंटर से कृषि भूमि तक एचडीपीई पाइप लाइन को बिछाना, एचआरडीएफ स्कीम। | 13.05.2025 02.06.2025 | 46.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | नवीनतम विशिष्टियों सहित 22 अदद ऑटोमेटिक बस वॉशिंग मशीनों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 13.05.2025 27.05.2025 | 200 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 0 से 25580 तक काहनौर डिस्टी. की गाद निकालना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.05.2025 | 8.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | विशेष सचिव (आईटी), नागरिक संसाधन सूचना विभाग, हरियाणा | "डिजिटल ऑडियो-कांफ्रैंसिंग सोल्यूशन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन और रखरखाव" हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रतिष्ठित फर्मों / कम्पनियों / एजेंसियों से आरएफपी। | 12.05.2025 06.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 munishchandan.crid@hry.gov.in |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह हरियाणा में लांड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 16.05.2025 09.06.2025 | 66 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/34778/I/88/7 दि. 14.05.25


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1* औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक


पूरे माह रहें एक्टिव,
फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111


## रेखा गुप्ता ने सभी डीएम, एसडीएम और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को जारी किए निर्देश

# शिकायतों के निपटारे पर रहेगी सीएम कार्यालय की नजर, लगाई जाएगीं शिकायत पेटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की जनता की समस्याओं को समाधान ठीक से हो रहा है या नहीं इस बात की निगरानी अब मुख्यमंत्री कार्यालय करेगा। इस बाबत बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी डीएम, एसडीएम और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में 'शिकायत पेटी' लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक इन शिकायत पेटियों में अपनी शिकायतें लिखकर डाल सकते हैं। इन शिकायत पेटियों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों की समस्याओं का जल्द और प्रभावी समाधान हो। इसके लिए सभी विभाग प्रमुख को लंबित शिकायतों के निवारण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस मसले पर मुख्यमंत्री ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में विभिन्न विभाग प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में पब्लिक ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम (पीजीएमएस) पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित जन शिकायतों और उसके निदान को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित राजस्व विभाग, डूसिब, दिल्ली पुलिस, डीडीए, शिक्षा निदेशालय (डीओई), पीडब्ल्यूडी, समाज कल्याण विभाग, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय, पर्यावरण और वन विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, श्रम विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, और परिवहन विभाग के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।



### किसी भी विभाग में लंबित शिकायतें स्वीकार्य नहीं

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि किसी भी विभाग में लंबित शिकायतें कतई भी स्वीकार्य नहीं हैं। इसी समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की गई। आज की बैठक में विभागों से एक्शन टेकन रिपोर्ट तैयार करने और लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए गए है। सीएम ने वाट्सएप, मोबाइल ऐप तथा टोल-फ्री नंबरों के माध्यम से भी जनता की शिकायतें लेने का प्रावधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### पिछली सरकार में न जन शिकायतें सुनी गईं और न सुलझाईं गई

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों के दौरान जन शिकायतों को लेकर भारी लापरवाही रही। न तो लोगों की समस्याएं सरकार तक पहुंचती थीं, और अगर पहुंच भी जाती थीं, तो उनका समाधान नहीं होता था। लेकिन वर्तमान सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य है एक ऐसा आधुनिक और इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम विकसित करना, जो नागरिकों की आवाज़ को तुरंत सरकार तक पहुंचाए, उनकी बात सुनी जाए, संवाद हो और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### पब्लिक ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक यूजर फ्रेंडली बनाया जाए

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि पब्लिक ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक यूज़र फ्रेंडली बनाया जाए, ताकि आम नागरिक बिना किसी तकनीकी या प्रक्रियागत बाधा के अपनी समस्याएं दर्ज कर सकें। उन्होंने पीजीएमएस प्रणाली को अपडेट करने और उसमें आवश्यक सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारियों को इस संबंध में सख्त निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं।

### हमारा प्रयास है जनता की एक आवाज पर तुरंत कार्रवाई हो

हमारा प्रयास है कि शिकायत निवारण प्रणाली इतनी मजबूत और प्रभावशाली हो कि जनता की एक आवाज पर तुरंत कार्रवाई हो सके। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार जन समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है, और अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे और जनता को सुगमता से शिकायत दर्ज करने और उसका समाधान पाने का अधिकार मिले। यह कदम शासन प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है।

# नालियों की सफाई नहीं होने से हो सकता है जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ अपने वार्ड के लिए पार्षद भी करते रहते हैं मशीनों का इंतजार



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर और प्रशासन भले ही मानसून सीजन के चलते शुरू की गई तैयारियों को लेकर जलभराव नहीं होने का दावा कर रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर की बात करे तो निगम में मशीनों व यंत्रों की पर्याप्त संख्या का अभाव है। वार्ड समिति की बैठकों में सफाई व्यवस्था में प्रयोग होने वाली मशीनों के लिए पार्षद - पहले मेरे वार्ड में, पहले मेरे वार्ड में आनी चाहिए - जैसे शब्दों का उपयोग करते पाए गए हैं। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले मानसून सीजन में जलभराव कितना नियंत्रण में रहेगा।

आज जैसे हालात ही यदि 20 दिन बाद देखे गए तो इसे बात से बिलकुल भी इंकार नहीं किय जा सकता है कि जलभराव नहीं होगा।

बता दें कि दिल्ली नगर निगम के पर्यावरण प्रबंधन सेवा विभाग (डेम्स) का कार्य शहर में सफाई व्यवस्था का है और सफाई संबंधित सेवाओं में लापरवाही मिलने पर कई सफाई कर्मियों, निरीक्षकों पर गाज भी गिरी है। वहीं, डेम्स विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में जलभराव को रोकने के लिए एक विभाग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि इसमें केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ ही दिल्ली सरकार के सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग भी जिम्मेदार हैं। कई जगह इन विभागों में आपसी तालमेल बिलकुल नहीं है और जल की निकासी नहीं होने के लिए ऐसे हालात देखे गए हैं। आपसी तालमेल के माध्यम से ही जलभराव को नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन ऐसा होना आसान नहीं है।

### निगम से मांगी थी जानकारी, नहीं दी गई

गलियां व नालियों की सफाई के संबंध में करीब एक सप्ताह पहले प्रेस एवं सूचना निदेशालय से जानकारी मांगी गई थी कि सफाई के लिए किस किस प्रकार के यंत्रों (छोटे से लेकर बड़ी मशीनों) का एमसीडी उपयोग करती है। कृपया इनकी उपलब्धता की जानकारी मुख्यालय व जोन स्तर पर जल्द से जल्द दी जाए। इनमें से कितनी मशीनें चालू हालत में हैं और कितनी नहीं। कितनी मशीनों को मुख्यालय की अनुमति से चलाया जा रहा है और कितनी मशीनों को जोन स्तर पर चलाया जा रहा है। लेकिन इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई।

### उपराज्यपाल के आने का फिर इंतजार कर रहें ग्रामीण

दिल्ली देहात के लोगों का कहना है कि जब भी उपराज्यपाल वी के सक्सेना देहात के दौरे पर आते हैं तो बदहाल सड़कों को भर दिया जाता है और रूकी हुई नालियों को साफ कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि गत वर्ष नरेला क्षेत्र के सिंघू गांव में जब उपराज्यपाल आए थे तब जलभराव न हो इसके लिए सड़क पर पर्याप्त व्यवस्था कर दी थी।

## अवैध डेयरियों के कारण पैदा होती है आवारा पशुओं की समस्या : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध डेयरियों के कारण आवारा पशुओं की समस्या पैदा होती है। एमसीडी ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल ने बुधवार को आवारा पशुओं को लेकर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि इलाके में चल रही अन्य अवैध डेयरियों को नोटिस जारी किए गए हैं। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी गतिविधियां कानूनी ढांचे के भीतर संचालित हों और नियमों का पालन करें।वहीं, निगम प्रशासन ने बुधवार को बताया कि निगम के शाहदरा साउथ जोन ने मंडावली इलाके में दो अवैध डेयरियों और एक अनधिकृत मीट शॉप को सील कर दिया है। यह कार्रवाई नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई। यह सीलिंग अभियान कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था। एमसीडी भविष्य में भी अवैध डेयरियों और अनाधिकृत मीट शॉप के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रवर्तन अभियान एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न व्यापार जिम्मेदार और विनियमित तरीके से संचालित हों।

## 'आप' ने युद्ध विराम के मुद्दे पर बैनर लगा कर किया भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने बिना कोई लक्ष्य हासिल किए पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम करने के मामले पर दिल्ली में कई जगह बैनर लगाकर भाजपा सरकार के खिलाफ बुधवार को प्रदर्शन किया। इन बैनरों में इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी का कहना है कि भारतीय सेना पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) वापस कब्जा कर सकती थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में आकर प्रधानमंत्री ने यह सुनहरा मौका गंवा कर भारतवासियों को धोखा दिया है। 'आप' के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि इतिहास में भारतीय सेना का शौर्य-पराक्रम और प्रधानमंत्री मोदी की कायरता दोनों दर्ज होंगे। बुधवार को आम आदमी पार्टी ने आइटीओ, कालकाजी, लक्ष्मी नगर, करोल बाग समेत दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में प्रमुख चौराहों, फ्लाइओवर्स और मेट्रो स्टेशनों पर ह्यूमन बैनर लगाकर अमेरिका के दबाव में सीजफायर करने के फैसले का विरोध किया। इन बैनरों पर लिखा था कि पीओके का छोड़ा मौका, पीएम का देश को धोखा।

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार से सवाल करने का किसी को कोई अधिकार नहीं : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि किसी को भी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार या सशस्त्र बलों से सवाल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि एक पिता को अपने देश, परिवार और 140 करोड़ भारतीयों के बारे में सोचना होता है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि जब आपात स्थिति होती है तो राष्ट्रहित में निर्णय लिए जाते हैं और पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होता है। गुप्ता ने कहा कि वातानुकूलित कमरों में बैठकर टीवी देखकर कोई भी कुछ भी कह सकता है। केवल वे ही लोग निर्णय ले सकते हैं जो ऐसी परिस्थितियों में खड़े होते हैं। सिर्फ बयानबाजी से कुछ नहीं होगा। किसी को भी सरकार या सशस्त्र बलों पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है।

## भाजपा की सरकार शहर की सफाई व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की भाजपा की सरकार शहर की सफाई व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध है। दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर जय भगवान यादव ने बुधवार को वार्ड संख्या-193, कोंडली क्षेत्र में मेगा सफाई अभियान का जायजा लेने के दौरान यह बातें कही। क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उमहापौर ने क्षेत्र में खाली पड़ी ज़मीन पर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए समुदाय भवन बनाने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समुदाय भवन बनाने की संभावनाएं देखकर इस दिशा में सकारात्मक कार्य किये जाये जिससे जनता लाभान्वित हो सके। वहीं, शाहदरा दक्षिणी वार्ड समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के वार्डों में दिन में दो बार साफ सफाई होने से निश्चित रूप से सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है और वो सराहनीय है। इस मौके पर उनके साथ शाहदरा दक्षिणी वार्ड समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, स्थानीय पार्षद मुनेश डेढ़ा, शाहदरा दक्षिणी जोन के उपायुक्त बादल कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपमहापौर ने पार्कों की स्थिति को लेकर अधिकारियों से बात की।

## नेता विपक्ष ने निगम आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त अश्विनी कुमार से शिष्टाचार भेंट की। साथ ही दिल्ली नगर निगम से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि आयुक्त ने विश्वास दिलाया कि दिल्ली की जनता से संबंधित सभी विषयों पर हम समन्वय और सहयोग से कार्य करेंगे।


हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं**

**आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी**



**दिनांक : 21 से 30 मई, 2025**

| नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 21 मई, 2025 (बुधवार) | प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक) | सभी ज़ोन |
| 22 मई, 2025 (गुरुवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | पंचकूला और हिसार ज़ोन |
| 23 मई, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन |
| 27 मई, 2025 (मंगलवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | गुरुग्राम ज़ोन |
| 28 मई, 2025 (बुधवार) | नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें | सभी ज़ोन |
| 30 मई, 2025 (शुक्रवार) | मेजर साइटें ( व्यावसायिक साइट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साइट) और बहु मंज़िला ईमारत | सभी ज़ोन |

दिनांक 16/04/2025, 02/05/2025 व 06/05/2025 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से ई-नीलामी की तिथियों को पुनः निर्धारित किया गया है।

ई-नीलामी 2025-26 की कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसायटी/समिति भाग ले सकते हैं।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई सम्पत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
hsvphry.org.in. Hsvphry

स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें एच एस वी पी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hsvphry.org.in


## अब जल की हर बूंद का होगा हिसाब...

# मॉल व निजी वाणिज्यिक संस्थानों को सीवर के हिसाब से भरना होगा पानी का बिल : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने बुधवार को जल के दुरुपयोग पर कड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की है कि अब दिल्ली के सभी होटल, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग मॉल, निजी अस्पताल और अन्य बड़े वाणिज्यिक संस्थानों को उनके द्वारा छोड़े गए सीवरेज (गंदे पानी) के आधार पर पानी का बिल चुकाना होगा। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि अभी तक इन संस्थानों के पास वैध पानी का कनेक्शन या मीटर नहीं है, जिससे सरकार के पास यह जानकारी नहीं है कि वे पानी कहां से लेते हैं और क्या भुगतान करते हैं। इसके बावजूद ये संस्थान हर दिन लाखों लीटर गंदा पानी सिस्टम में डालते हैं। इससे सरकार को हर साल सैकड़ों करोड़ का राजस्व नुकसान हो रहा है। अब हर बूंद का हिसाब होगा। जो जितना सीवर बहाएगा, उसे उतना ही पानी का बिल देना होगा। मुफ्त में पानी लेकर करोड़ों का मुनाफा कमाने वालों की मनमानी अब खत्म होगी। जल मंत्री ने कहा कि पिछले कई वर्षों से दिल्ली के कई बड़े वाणिज्यिक संस्थान बिना किसी हिसाब-किताब के पानी का उपयोग कर रहे हैं। उनकी पानी की खपत का कोई रिकॉर्ड नहीं है लेकिन सीवरेज निकासी होती रही है। ये संस्थान सार्वजनिक जल संसाधनों का दुरुपयोग कर मुनाफा कमा रहे थे। उन्होंने कहा कि ये टैक्स नहीं है, ये जिम्मेदारी है। आप करोड़ों के कारोबार मुफ्त पानी पर नहीं चला सकते। अब हर संस्थान को उसके उपयोग की कीमत चुकानी होगी।

### घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नीति केवल वाणिज्यिक संस्थानों पर लागू होगी। आम नागरिक, घरेलू उपभोक्ता, झुग्गीवासियों या गरीब तबकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह फैसला सिर्फ उन लोगों के लिए है जो लाभ के लिए संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### लापरवाही का दौर खत्म

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों की अनदेखी के चलते वर्षों तक निजी संस्थान फ्री में पानी लेकर लाखों लीटर सीवर बहाते रहे। अब यह बंद होगा। सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ एक नया, अनुशासित सिस्टम लेकर आ रही है, जिसमें हर उपभोक्ता को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी होगी।

### नई व्यवस्था के मुख्य बिंदु

दिल्ली के सभी बड़े निजी वाणिज्यिक संस्थानों की सीवरेज निकासी के आधार पर पानी की खपत का अनुमान लगाया जाएगा। जिनके पास वॉटर मीटर नहीं हैं या जो अपने जल स्रोत का खुलासा नहीं कर सकते, उन्हें सीवरेज बहाव के आधार पर बिल देना होगा। यह कदम पानी चोरी पर लगाम लगाएगा और राजस्व की बड़ी हानि को रोकेगा। रिकॉर्ड की जांच सीवरेज डेटा और नगर निगम के व्यावसायिक लाइसेंस से क्रॉस वेरीफाई करके की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक केंद्र की भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)ने बुधवार को सेक्टर 12 में सामुदायिक केंद्र की



भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर किया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। निर्माणकर्ता रेणु, विकास एवं अन्य द्वारा भूखण्ड सं-डी-52, सै0-09, विजयनगर, गाजियाबाद के फ्रंट सेटबैक क्षेत्र में भूतल पर पूर्व-निर्मित दुकानों के ऊपर बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध निर्माण किया जा रहा था। जी-ब्लॉक के समीप सै-12, प्राधिकरण की सामुदायिक केन्द्र की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था।

### मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने एक वाहन चोर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार



किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनेश निवासी लक्कड़पुर फरीदाबाद ने पुलिस चौकी दयालबाग फरीदाबाद में दी अपने घर से लक्कड़पुर मार्केट फरीदाबाद में आया था तथा मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ा करके अंदर चला गया तथा कुछ देर बाद जब बाहर आया तो मोटरसाइकिल वहॉ पर नही थी। थाना सुरजकुंड में चोरी का मामला दर्ज किया गया।

### अवैध हथियार रखने के आरोप में आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक देसी कट्टा बरामद कर एक आरोपी को



गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई को अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विमल पाल निवासी भूड़ कॉलोनी फरीदाबाद को बाईपास रोड सेक्टर 29 से कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना ओल्ड फरीदाबाद में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण पर ध्यान दें

## सीईओ मान ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान की अध्यक्षता में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन के लक्ष्यों की समीक्षा करना और आगामी चरणों के लिए रणनीति बनाना था।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली उसके बाद अधिकारियों को केसे वह इस मिशन को और बेहतर ढंग से कर सकते है। इसके लिए उनको जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस और तरल कचरे के निपटान, शौचालयों के निर्माण और स्वच्छता सुविधाओं में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास करने पर जोर दिया और साथ है उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों को अपने आसपास स्वच्छता रखने की अपील करें और स्वच्छता के फायदे भी समझाएं जिससे वह अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में जिला प्रशासन की सहायता कर सके।

**खास बातें**

- सीईओ ने शहरी क्षेत्रों में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली
- आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में जिला प्रशासन की सहायता करें



**स्वच्छता के प्रति जागरुक रहें**

सीईओ जिला परिषद ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन न केवल हमारे शहरों और गांवों को स्वच्छ बनाने का एक प्रयास है, बल्कि यह एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी से मिलकर इसे सफल बनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में अपना योगदान दें।

## नगर पालिका कर्मचारी संघ कल करेगा राज्यव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल

# नगर निगम कर्मचारियों ने दूसरे दिन काले झंडे व झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम में चल रहे काले झंडे और हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर प्रदर्शन का कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हुआ। अब कर्मचारी 16 मई को राज्यव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय पहले निगम मुख्यालय पर रोष सभा की और उसके बाद निगम मुख्यालय से नीलम चौक तक जोरदार काले झंडे और झाड़ू के साथ प्रदर्शन किया।

बुधवार के कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप बोहत ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेंद्र कुड़िया ने किया।

**अभी 2900 सफाई कर्मचारी, आवश्यकता 10 हजार की**



कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि नगर निगम में सफाई कर्मचारियों का भारी अभाव है आबादी और क्षेत्रफल के अनुपात में 10 हजार सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है जबकि आज नगर निगम में कुल 2900 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कार्यरत कर्मचारियों में से 300 कर्मचारी अधिकारी और राजनेताओं के घरों पर काम करते हैं, यूनियन के विरोध के बाद भी इन कर्मचारियों को जनता की सेवा में नहीं लगाया जाता।

### सफाई कर्मचारियों की भर्ती की मांग की

शास्त्री ने कहा कि नगर निगम प्रशासन वार्ड बंदी कर सफाई कर्मचारियों की सामान्य रूप से वार्डों में नियुक्ति करने से सफाई व्यवस्था नहीं सुधरेगी। शहर की सफाई व्यवस्था सुधारनी है तो सफाई कर्मचारियों की भर्ती करें। निगम और अधिकारियों व राजनेताओं के घरों पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को जनता की सेवा में उतारे। यदि यह काम किए बिना सफाई कर्मचारियों को जबरन एसडब्ल्यूएम एप और वार्ड बंदी करके परेशान करने का काम किया तो सफाई कर्मचारी नगर निगम की तानाशाही का मुंह तोड़ जवाब देंगे। रोष सभा में बुधवार को रोहतक में बाप और दो बेटों की सीवर में हुई मौत पर भी सफाई कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया। शास्त्री ने कहा कि सरकार दलित और सफाई कर्मचारी विरोधी है। 20 दिनों में 13 सफाई कर्मचारियों की अलग-अलग दुर्घटनाओं में मौत हुई है।

### यह लोग उपस्थित रहें

बुधवार को हुए प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य उपाध्यक्ष कमला, राज्य उप महासचिव सुनील चिंडालिया, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि भी उपस्थित रहे। कर्मचारियों को अन्य के अलावा नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव अनिल चिंडालिया सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह, वरिष्ठ प्रधान श्रीनंद ढकोलिया, कोषाध्यक्ष जितेंद्र छाबड़ा, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी चरण शर्मा, सचिव राम रतन कर्दम, इलेक्ट्रीशियन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, सैनिटेशन यूनियन के प्रधान शिव कुमार, सीवरमैन यूनियन के सचिव प्रदीप चावरिया, महिला नेता ललिता देवी, शकुंतला, वीना आदि ने भी संबोधित किया।

## सिद्धेश्वर स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-9ए स्थित श्री एसएन सिद्धेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं के कुल 387 छात्रों में से 143 छात्रों ने 75 प्रतिशत, 50 छात्रों ने 85 प्रतिशत और 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। आदित्य कुंडू 95.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर रहे। वहीं श्रेया गुलिया 95 प्रतिशत और तृप्ति 94.4 प्रतिशत अंक लेकर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं के बोर्ड परिणामों में भी कुल 408 में से 71 छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तनु पुंढीर, इति गुप्ता और खुशी राधेश्याम टॉप तीन स्थानों पर रही।

## आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

# ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करने के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी अनुज व आलोक को किया गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर 4 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नम्बर से कॉल आया जिसने स्वयं को इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बताया तथा क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करने का हवाला देकर एक एप्लीकेशन डाउनलोड करने को कहा तथा उसमें क्रेडिट कार्ड की डिटेल भरने को कहा जिसके बाद मेरे पास एक ओटीपी आया। जिसको मैंने एप्लीकेशन में भर दिया था जिसके बाद मेरे बैंक एकाउंट से दो ट्रांजेक्सन के जरिए कुल 1,49,728 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी अनुज व आलोक वासी बिजनौर उत्तर प्रदेश को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि अनुज खाताधारक है।

## सड़क पर खड़े वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन अनवरत जारी है। मंगलवार के रात में सिहानी गेट पुलिस ने दिन और रात में खड़े वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की तरफ से चली गोली से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात में पुलिस को खबर मिली की डीपीएस कट पर कुछ बदमाश आने वाले हैं। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर



पहुंचकर चेकिंग शुरू कर दी। तभी सामने से स्कूटी पर संदिग्ध अवस्था में आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा गया। तो वह तेजी से स्कूटी चलाकर भागने लगे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर रोकने प्रयास किया गया तो वे पुलिस की चेकिंग से बचते हुए हमदर्द ग्राउंड की तरफ भागे । जहां पर स्कूटी फिसल गई और बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश आशु के पैर में गोली लगी और वह नीचे गिर गया। घायल बदमाश का नाम आशु उर्फ आस मोहम्मद है जो मोहल्ला मेवातियाँन पीपल वाली मस्जिद के पास दादरी का निवासी है। उसके साथ का नाम प्रमोद है जोब्रिज बिहार थाना मुरादनगर का निवासी है। एसीपी मिश्रा ने बताया कि आशु के विरुद्ध थाना मसूरी में 6 अभियोग , थाना इंद्रापुरम पर 5 अभियोग , थाना धौलाना पर 2, थाना फेज थर्ड नोएडा पर 1, थाना हसनपुर अमरोहा पर 1 अभियोग, थाना सिहानी गेट 3, कुल 18 अभियोग पंजीकृत है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में सेक्टर-23 वार्ड नं. 18 में म. नं. 29, 893, 1650, 1911 और 2761 के निकट पार्कों की धौलपुर स्टोन ग्रिल के निर्माण हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.05.2025 | 1.58 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34758/1/88/7 दि. 14.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में नये फैकेल्टी हाउस का पुनरोद्धार, शौचालय सहित चालक कमरे का निर्माण, लिफ्ट पिट का निर्माण। | 13.05.2025 03.06.2025 | 78.65 लाख | https://mdu.ac.in, https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34777/1/88/7 दि. 14.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर शॉकवेव थैरेपी यूनिट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.05.2025 03.06.2025 | 90 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर एलईडी फोटोथैरेपी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.05.2025 03.06.2025 | 34.68 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर डीप ऑसीलेशन पल्स्ड इलैक्ट्रोस्टेटिक फील्ड थैरेपी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना | 13.05.2025 03.06.2025 | 90 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34765/1/88/7 दि. 14.05.25


सफल विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

# लिंग्याज विद्यापीठ और छायंसा ग्राम सचिवालय में आपात स्थिति में बचाव का दिया प्रैक्टिकल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में नचौली स्थित लिंग्याज विद्यापीठ और गांव छायंसा स्थित ग्राम सचिवालय में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रेडक्रॉस, हरियाणा सिविल डिफेंस व एनएसएस ने मिलकर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। मुख्य उद्देश्य छात्रों व कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षा के उपायों की जानकारी देना था।

नागरिक सुरक्षा सीडीआई रतनवीर सिंह और नवीन कुमार ने बताया कि आपातकाल के समय प्रशिक्षित नागरिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए जिला प्रशासन विभिन्न इलाकों में स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षण दे रहा है ताकि वे आपदाओं के समय त्वरित और संगठित तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें। इसी के तहत स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार, सायरन की पहचान,



स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके आपदा प्रबंधन और आपातकालीन नंबरों का आदान-प्रदान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को यह भी सिखाया जा रहा है कि वे संकट की स्थिति में कैसे शांत रहें और तेजी से फैसले लें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आग बुझाने से लेकर किसी जख्मी व्यक्ति को अस्पताल ले जाने तक के बारे में न सिर्फ बताया गया बल्कि प्रैक्टिकल करके दिखाया भी गया जिससे किसी के मन में कोई संदेह न रहे। प्रशिक्षण सत्र में बड़ी मात्रा में स्थानीय लोगों एवं युवा विद्यार्थियों ने भाग लिया। आपातकाल की परिस्थिति में पैनिक न होते हुए लोगों की सहायता करने के गुण भी सीखे साथ ही प्रशिक्षण दे रहे अधिकारियों को भरोसा भी दिलाया की वह हर स्थिति में जिला प्रशासन के साथ है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा डीएवी कॉलेज, सुषमा स्वराज कॉलेज और नेहरू कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में बचाव प्रशिक्षण के गुण सिखाए गए। इससे पहले सरपंचों, निगम पार्षदों, जिला परिषद सदस्यों आरडब्ल्यूए अध्यक्षों, उद्योग प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया है।

प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट अंकित कुमार को ज्ञापन दिया

# रेफर मुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपा। फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ज्ञापन में सरकार से मांग की गई है कि फरीदाबाद में ए ग्रेड के ट्रोमा सेंटर सहित सिविल अस्पताल फरीदाबाद की मुख्य समस्याएं शामिल है। क्रमशः



मैंटेन्स के अभाव मे करोड़ो के उपकरण जैसे डिजिटल एक्सरे मशीन, ऑक्सीजन प्लांट, एक्सिडेंटल एमरजैंसी वार्ड कंडम होते जा रहे है। मोर्चरी में 14 फ्रीजर है जिसमें अधिकांश खराब रहते है मोर्चरी को अपग्रेड किया जाए। सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स का कैडर नही है जैसे गेस्ट्रो, नेफ्रो, स्पाइन, वेनॉलॉजिस्ट, यूरोलोजिस्ट, न्यूरोसैकेट्रिस्ट नही है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में एक भी टीबी यूनिट नहीं है जिसमे 24 घण्टे डॉक्टर्स हो, ऑक्सीजन की सुविधा हो, वेंटिलेटर हो। सिविल अस्पताल में आईसीयू-सीसीयू फंगशनल नही हैं। अटल बिहारी वाजपेयी छायंसा मेडिकल कालेज में ओटी ओर आईसीयू अभी भी फंगशनल नही है जिसकी वजह से 460 बेड के मेडिकल कालेज का लाभ जनता को नही मिल रहा है। अभी तक बजट सत्र में की गई घोषणाओं के अनुरूप जमीन पर कार्य शुरू नहीं हुए है जैसे सिविल अस्पताल फरीदाबाद में 10 बेड का ट्रोमा केयर सेंटर, 4 सीएचसी में ट्रोमा फेसलिटी, ब्लड बैंक बनाना।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद नेहाल, पुत्र बरकत उल्लाह निवासी ए-113, हरि एन्क्लेव नगर, सुलेमान नगर, किरारी, दिल्ली** ने **FIR No. 786/2020 U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नेहाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नेहाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 786/2020 U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नेहाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5983/OD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कंचन आहुजा पत्नी मनोज आहुजा निवासी 7699/12ए, धर्मपुर लाउन्ज, सब्जी मंडी, क्लॉक टॉवर, दिल्ली-110007 औरः 7699/24ए, जीटी रोड, क्लॉक टॉवर, कमला नगर, दिल्ली-110007 एवं 24/7699, क्लॉक टॉवर, ब्लॉक-ए, सब्जी मंडी, दिल्ली-110007** ने case **CC No. 535261/16 U/s 138 NI Act, थाना राजिन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **कंचन आहुजा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कंचन आहुजा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 535261/16 U/s 138 NI Act, थाना राजिन्द्र नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कंचन आहुजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री देशना गोलेछा**
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-07
केन्दीय जिला, कमरा नं. 507, एक्सटेंशन ब्लॉक
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/6024/CD/2025(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### जबरन वसूली करते पकड़े गए पुलिसकर्मी



**पूर्णिया।** नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिसकर्मी ही जब कानून तोड़ने लगें, तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पूर्णिया जिले के के हाट थाना क्षेत्र में इसी तरह की एक शर्मनाक घटना सामने आई है, अवैध वसूली के आरोप में एक दरोगा सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो बीएमपी जवान और एक प्राइवेट चालक भी शामिल हैं।

### लोन का ऑफर कर 1.62 करोड़ की ठगी



**लखनऊ।** खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का कर्मी बताकर ठगों ने मेकअप आर्टिस्ट बालागंज निवासी इशरत खान को 10 करोड़ का लोन दिलाने का झांसा देकर 1.62 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में दो नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दो साल पहले कारोबार बढ़ाने के लिए 10 करोड़ के कर्ज की जरूरत थी। बैंक बाजार और पैसा बाजार पर लोन के लिए आवेदन किया था।

### पाक के समर्थन में वीडियो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार



**बरेली।** बरेली के फरीदपुर में एक युवक को पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करना भारी पड़ गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। युवक ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट किए थे। आरोपी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह लंगड़ाते चलता दिख रहा है।

---

**राज्यपाल ने सराहनीय बच्चों और कार्यकत्रियों को बधाई दी**

# राज्यपाल पटेल की अपील- बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें अभिभावक, जैसा घर का माहौल होगा वैसे बनेंगे बच्चे

एजेंसी ⏭ सीतापुर

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को सीतापुर पहुंची। उन्होंने खैराबाद के भूमिजा हाल में पोषण पोटली बांटी। कहा कि परिवार बच्चों की परवरिश पर विशेष ध्यान दें। घर में जैसा वातावरण होगा वैसे बच्चे तैयार होंगे। परिवारों को चाहिए कि बच्चों को कोई ऐसा संस्कार ना मिले, जिससे वह बड़ा होकर कोई गलत काम न करें। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर जो बच्चों ने संगीत के साथ आसन और



योग किया वह सराहनीय है। बच्चों और कार्यकत्रियों को बधाई।

स्कूलों में भी आठवीं कक्षा तक इस पर ध्यान दिया जाता है। हमें हर चीज पर ध्यान देना होगा तब देश विकसित बनेगा। इसीलिए अलग-अलग योजनाएं बनाकर सभी को आगे लाने का प्रयास हो रहा है। लाखों युवा विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं। जब हम कहते हैं कि विकसित भारत बनाना है तो इसकी जिम्मेदारी आज के युवाओं के कंधों पर आने वाली है। इसलिए उनको जिम्मेदार बनना चाहिए। योजनाओं का लाभ ढूंढकर लाभार्थियों तक पहुंचाएंगे तभी वह सशक्त होंगे और देश सशक्त होगा। जब तक एक्टिविटी नहीं होगी, तब तक यह पता नहीं चलता कि बच्चों में कौन सा कौशल है।

### बच्चों ने स्वच्छता का संदेश दिया

खैराबाद स्थित भूमिजा सभागार में पहुंचकर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सबसे पहले बेसिक शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और कई विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर के बच्चों ने बाल वाटिका के तहत योग पर आधारित एक नृत्य पेश किया। इसके बाद "आह टमाटर बड़े मजेदार" और "गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल" पर डांस करके तीन से छह साल तक के बच्चों ने स्वच्छता का संदेश दिया।

### योजना के लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला

संचिता शर्मा यूजी 06 सेमेस्टर और शोध छात्र अनुराग ने भाषण दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को राज्यपाल ने उपहार देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने जिले के अलग-अलग हिस्सों से आई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संसाधन किट दी। इसके अलावा महिलाओं को पोषण किट, आयुष्मान लाभार्थियों को कार्ड, समूह की महिलाओं को ई-रिक्शा की चाबी, स्वामित्व योजना अंतर्गत महिलाओं को घरौनी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थियों को चेक, वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी, मिशन स्पॉन्सर के अंतर्गत वात्सल्य योजना के लाभार्थी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों कोई योजना का लाभ दिया।

---

**मिलावटखोरों पर मुख्यमंत्री योगी ने कसा शिंकजा**

# शातिर अपराधियों की तरह मिलावटखोरों की तस्वीरों को चौराहों पर लगवाने के दिए निर्देश

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिलावटखोरी को सामाजिक अपराध बताया है। इसको लेकर बेहद गंभीर मुख्यमंत्री ने शातिर अपराधियों की तरह मिलावटखोरों की तस्वीरों को चौराहों पर लगवाने का निर्देश भी दिया है। खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार में संलिप्त पर अब शिकंजा कसा जाएगा। इस अभियान में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' नामक मोबाइल ऐप और टोल फ्री नंबर 1800-180-5533 उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत का निस्तारण तभी मान्य माना जाए जब शिकायतकर्ता संतुष्ट हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और मंत्री सहित अधिकारियों को ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं जो लगातार निगरानी रखें। पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए।

### पुलिस के साथ विभागीय समन्वय को बेहतर बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने नकली औषधियों के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश दिए कि पुलिस के साथ विभागीय समन्वय को और बेहतर बनाया जाए ताकि प्रवर्तन कार्यवाहियों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा भी बैठक में की गई। खाद्य सुरक्षा की प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से एफएसडीए ने पासवर्ड-संरक्षित बारकोड प्रणाली लागू की गई है, जिससे नमूनों के विश्लेषण की गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। प्रत्येक नमूने का परीक्षण वैज्ञानिकों डिजिटल माध्यम से किया जाता है और उच्च अधिकारियों की स्वीकृति के बाद ही वह विश्लेषण मान्य माना जाता है।

### 3 वर्षों में 1,470 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत

चिकित्सा उपकरण और औषधि विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश और रोजगार सृजन को लेकर भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले तीन वर्षों में 1,470 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं, जिससे 3,340 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। औषधि निर्माण इकाइयों, मेडिकल डिवाइस निर्माण, रक्तकोषों और फुटकर औषधि विक्रेताओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। फुटकर औषधि प्रतिष्ठानों में ही बीते तीन वर्षों में 65 हजार से अधिक नए रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एफएसडीए की संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ किया जाए।

---

**डिप्टी सीएम चौधरी ने दी जानकारी**

# 30 मई को बिहार दौरे पर आएंगे पीएम मोदी, देंगे अरबों की सौगात

एजेंसी ⏭ पटना

आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार 30 मई को बिहार के दौरे पर आ रहे हैं। वह सासाराम के विक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।



इसके साथ ही वह बिहार को अरबों की सौगात देंगे। इनमें से मुख्य रूप से पटना का नया टर्मिनल का उद्घाटन और पटना-सासाराम फोरलेन का शिलान्यास शामिल है। इस बात की जानकारी किसी और ने नहीं बल्कि बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए दी है। राजधानी पटना का जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन यात्रियों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया है।

### 3700 करोड़ की लागत से बनेगा पटना सासाराम फोरलेन

बिहार के लोगों का सफर आरामदायक और किफायती बनाने के लिए सरकार लगातार कई बड़े कदम उठा रही है। इसी के तहत बिहार की राजधानी पटना से सासाराम के बीच केंद्र और राज्य सरकार 3700 करोड़ की लागत से 4 लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे बनवा रही है। इससे इन शहरों के बीच में रहने वाले लोगों को सफर बेहद आरामदायक हो जाएगा. फिलहाल इन दो शहरों के बीच सफर करने में करीब 4 घंटे का समय लगता है जो सड़क के बनने के बाद महज डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा।

### 24 अप्रैल को बिहार आए थे पीएम मोदी

बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी जिले में आए थे और सभा को संबोधित किया था। अपने इसी दौरे के दौरान पीएम ने आतंकियों को कल्पना से परे सबक सिखाने की घोषणा की थी। ये ऐलान पहलगाम आतंकी हमले के दूसरे दिन किया गया था। जिसके बाद 7 मई की रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था।

---

## पेज एक का शेष

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह...

बातचीत के बाद हुए संघर्षविराम के साथ सीमाओं पर फिलहाल थमी हुई गोलीबारी व सैन्य कार्रवाई के हालातों के बीच सीसीएस की यह पहली बैठक थी। जिसमें प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा से जुड़े दो अहम केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य और भारत की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से समीक्षा की।

**राष्ट्रपति से मिले सीडीएस, तीनों सेनाप्रमुख :** उधर, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से 14 मई को मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से एक एक्स पोस्ट में फोटो के साथ इस मुलाकात के बारे में बताया गया है। पोस्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ हुई मुलाकात में सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की। जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक शानदार सफलता बना दिया।

### सैन्य कमांडर देंगे ...

*वहां ग्राउंड पर बने हुए सुरक्षा हालातों का जायजा ले सकते हैं। इसमें सर्वाधिक चर्चा गुजरात के भुज सैन्य ठिकाने की हो रही है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से अभी आधिकारिक रूप से इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।*

### पूर्व अधिकारियों से हुई...

सेनाओं के बीच तालमेल, संयुक्तता और एकीकरण की असाधारण डिग्री के साथ एक नए युग के बहुआयामी सफल संचालन के बारे में जानकारी दी।

### जम्मू के कुछ ...

*की मौत भी हुई है। भारतीय सशस्त्र सेनाओं की जवाबी सैन्य कार्रवाई ने पाकिस्तान और उसकी शरण में दुबके बैठे आतंकियों की नींद उड़ा दी है।*

### 504 घंटे में पाकिस्तान...

जवान को अपने कब्जे में रखना संभव नहीं होगा। यह घटना 23 अप्रैल को तब हुई, जब बीएसएफ जवान पीके शॉ 182वीं बटालियन, बॉर्डर के गेट संख्या 208/1 पर तैनात थे। वे फसल कटाई के दौरान भारतीय किसानों पर नजर रख रहे थे। बीएसएफ, किसानों की सुरक्षा भी करती है। लिहाजा तेज गर्मी के मौसम में जवान ने जब पेड़ की छांव में खड़े होने का प्रयास किया तो पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे हिरासत में ले लिया। उनकी सर्विस राइफल भी जब्त कर ली गई। बताया जाता है कि वह कुछ समय पहले ही इस क्षेत्र में तैनात हुआ था।

**डीजीएमओ की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया :** इतना ही नहीं, फ्लैग मीटिंग के लिए सीटी बजाने के अलावा झंडा भी दिखाया जाता है। बीएसएफ का मकसद है कि किसी भी तरह से पाकिस्तानी रेंजर्स, बातचीत के लिए सामने आएं। जब एक बार सीटी की आवाज का पाकिस्तान की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलता तो कुछ समय बाद दोबारा से जवान वहां पर पहुंचते थे। गत सप्ताह के बाद से पाकिस्तानी रेंजर्स, फ्लैग मीटिंग से दूर भागने लगे। रेंजर्स की तरफ से कोई ठोस रिस्पांस नहीं मिल रहा था। ऐसा लग रहा था कि जानबूझकर पाकिस्तानी रेंजर्स, फ्लैग मीटिंग को तव्वजो नहीं दे रहे। उसके बाद बीएसएफ ने बातचीत का दूसरा तरीका अपनाया। बीएसएफ जवान की रिहाई सुनिश्चित कराने के लिए डिप्लोमेटिक चैनल की भी मदद लेने की बात सामने आई है। डीजीएमओ की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया।

**जब सभी तरह के रास्ते बंद तो कूटनीतिक प्रयास :** बीएसएफ के पूर्व आईजी बीएन शर्मा बताते हैं, ऐसे मामले कमांडेंट स्तर पर निपट जाते हैं। कई बार तो कुछ घंटों में ही जवान वापस आ जाते हैं। बशर्ते, कोई अपराध की मंशा न हो। हिरासत में जवान से पूछताछ की जाती है। अगर सीओ के लेवल पर बात नहीं बनती है तो उसके बाद डीआईजी स्तर पर बातचीत होती है। इसके बाद आईजी स्तर पर बात की जाती है। जब सभी तरह के रास्ते बंद हो जाते हैं तो कूटनीतिक प्रयास किए जाते हैं।

### दो दिन की होगी समिति...

को जानकारी देंगे। इसके ठीक अगले दिन 20 मई को विदेश और रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों के द्वारा देश की समुद्री रणनीति के मूल्यांकन के संदर्भ में समुद्री सुरक्षा के विषय पर विस्तार से मंथन किया जाएगा। विदेश के साथ रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि इस दौरान समिति को जानकारी देंगे।

### भारत ने अरुणाचल प्रदेश...

द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि हमने देखा है कि चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम रखने की अपनी व्यर्थ की कोशिशों को जारी रखे हुए है। भारत के सैद्धांतिक रुख के मुताबिक, हम इस तरह के प्रयासों को साफ तौर पर अस्वीकारते हैं। चीन का रचनात्मक नामकरण उस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।

**दोनों के बीच 3,500 किमी. लंबी एलएसी :** भारत और चीन की सीमाओं को कुल करीब 3 हजार 500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) आपस में विभाजित करती है। इसके मुख्य रूप से पश्चिमी, पूर्वी और केंद्रीय जैसे तीन सेक्टर हैं। पश्चिमी भाग जम्मू-कश्मीर के तहत आता है। केंद्रशासित प्रदेश के पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच 2020 से लेकर 2024 तक सैन्य विवाद भी हुआ था। इसके बाद केंद्रीय सेक्टर में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों से लगी हुई सीमाएं हैं और अंत में पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से लगा हुआ चीन का सीमाई भूभाग पड़ता है।

### विदेश मंत्री जता चुके ...

*स्पष्ट कर दिया गया था कि नाम बदलने की उसकी इस कोशिश का कोई असर नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वह आपका हो जाएगा। अरुणाचल प्रदेश हमेशा की तरह भारत का अभिन्न अंग रहेगा। 2017 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के तवांग दौरे से चिढ़कर भी चीन ने अरुणाचल में कुछ जगहों का नाम बदला था।*

### जस्टिस गवई बोले...

गवई ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य गणमान्य लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए सीजेआई बीआर गवई को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। उन्हें उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

**सुप्रीम कोर्ट की 'ओवररीच' की आलोचना पर जवाब :** न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कोई भी न्यायाधीश आलोचनाओं से प्रभावित होकर निर्णय नहीं लेता। उन्होंने कहा कि एक न्यायाधीश को केवल अपने विवेक और कानून के आधार पर फैसला करना चाहिए, न कि आलोचनाओं के डर से। उन्होंने कहा, मैं सोशल मीडिया नहीं देखता। मैं न इंस्टाग्राम पर हूं, न एक्स पर। अगर आपका विवेक कहता है कि आप सही हैं, तो किसी की आलोचना से डरने की जरूरत नहीं है।

**लंबित मामलों और बुनियादी ढांचे पर रहेगा ध्यान :** शपथ ग्रहण से एक दिन पहले बार एंड बेंच को दिए इंटरव्यू में न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि मैं हमेशा सामाजिक और आर्थिक न्याय का पक्षधर रहा हूं। उन्होंने बताया कि न्यायपालिका में लंबित मामलों की संख्या को कम करना और निचली अदालतों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों की समस्या को प्राथमिकता से हल करना चाहता हूं। उच्च न्यायालयों का बुनियादी ढांचा बेहतर है, लेकिन निचली अदालतों में अब भी समस्याएं हैं। उन्होंने माना कि उनका कार्यकाल केवल छह महीनों का है, इसलिए वे कोई बड़े वादे नहीं करना चाहते, लेकिन जो भी कर सकें, व्यावहारिक रूप से काम करेंगे।

### यूपी के जेवर में सेमीकंडक्टर...

इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के अनुसार से डिजाइन किया गया है और इसकी डिजाइन आउटपुट क्षमता 36 मिलियन यूनिट प्रति माह है। सेमीकंडक्टर उद्योग अब पूरे देश में विस्तारित हो रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय डिजाइन सुविधाएं उपलब्ध हैं। राज्य सरकारें डिजाइन फर्मों को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास कर रही हैं। 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन तकनीकों पर काम कर रहे हैं। इन शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विकसित 20 उत्पादों को एससीएल मोहाली द्वारा टेप आउट(डिजाइन चरण-आवश्यक सत्यापन और मान्यता चरण को पूरा करने की प्रक्रिया) किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी सुविधाएं स्थापित की हैं। एप्लाइड मैटेरियल्स और लैम रिसर्च दो सबसे बड़े उपकरण निर्माता हैं और इन दोनों की अब भारत में उपस्थिति है। मर्क, लिंडे, एयर लिक्विड, आईनॉक्स और कई अन्य गैस और रासायनिक आपूर्तिकर्ता हमारे सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है, वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। इसी कड़ी में एक और अति-उन्नत इकाई है। यह एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की पहचान, हमारे सशस्त्र बलों की भूमिका और जो निर्णायक नेतृत्व रहा है और जो नया सिद्धांत बना है, उसका एक बहुत ही महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह वास्तव में देश के लिए एक प्रशंसनीय बात है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शुरू से ही हमें इको-सिस्टम पर ध्यान देने के लिए कहते रहे हैं। गैस, रसायन के निर्माता भारत में अपने प्लांट लगा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी विज्ञान और तकनीक का इस्तेमाल किया गया। तकनीक भारत को बहुत बड़ी ताकत देती है और भविष्य के लिए मजबूत नींव रखती है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

### हाईकोर्ट के आदेश पर...

महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अस्वीकार्य ठहराया है। कांग्रेस इसे लेकर मैदान में उतर गई है। प्रदेश भर में प्रदर्शन कर मंत्री शाह के पुतले फूंके गए और उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि पूरा मामला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लिया है। शीघ्र मंत्री के बयान पर निर्णय लिया जाएगा। इस पर विमर्श जारी है। वहीं, विजय शाह ने 'हरिभूमि' से दोहराया कि मैं 20 बार माफी मांगने के लिए तैयार हूं। भावनावश मेरे मुंह से निकल गया था। मेरे परिवार में भी लोग शहीद हुए हैं। मैं देशभक्तों का अपमान नहीं कर सकता हूं। सोफिया मेरी बहन से भी बढ़कर हैं।

**मंत्री के बयान पर उमा भारती ने दी प्रतिक्रिया:** भाजपा की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कर्नल शोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंत्री पद से बर्खास्तगी एवं एफआईआर दोनों कार्रवाई तुरंत होनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने पूरे देशवासियों को लज्जित किया है।

**पटवारी श्यामला हिल्स थाने पहुंच गए थे रिपोर्ट लिखाने :** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद विजय शाह के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाना चाहिए। यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाली भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है तो वह विजय शाह को तत्काल भाजपा से बाहर का रास्ता दिखाए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पार्टी नेताओं के साथ दोपहर 1 बजे राजधानी के श्यामला हिल्स थाने पहुंच गए थे और विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन सौंपा था। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी घुमेंद्र सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि हमने पटवारी के आवेदन को जांच में ले लिया है। एफआईआर का फैसला बड़े अधिकारी करेंगे। मंत्री विजय शाह ने यह दिया था बयान मंत्री विजय शाह रविवार को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यहीं विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि, 'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर बदला ले सकते हैं।'

### चौतरफा बहिष्कार की घोषणा...

के साथ खड़े हैं, जिसे भारत के व्यापारी और नागरिक बर्दाश्त नहीं करेंगे। संगठन की अपील के बाद, भारतीय पर्यटकों ने तुर्की और अजरबैजान की यात्रा योजनाओं को बड़े पैमाने पर रद्द करना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के लिए 22 फीसदी बुकिंग्स रद्द हो चुकी हैं, और 30 फीसदी लोग अपनी यात्रा योजनाओं को बदल रहे हैं। प्रमुख ट्रैवल कंपनी 'ईजी माय ट्रिप' के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी ने भी इस बहिष्कार का समर्थन किया और लोगों से इन देशों की यात्रा न करने की अपील की।

---

**मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना की**

# झारखंड के बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



### सीएम ने यूनिसेफ प्रतिनिधि को दिलाया भरोसा

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में यूनिसेफ की भारत में प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने झारखंड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

उन्होंने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उनके राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। उनकी सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है।

---

**दोनों आरोपी सीसीएल के कर्मचारी**

# सिरका परियोजना कार्यालय में सीबीआई की रेड, 10 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा




एजेंसी ⏭ रामगढ़

रामगढ़ जिले के सिरका परियोजना कार्यालय में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई की टीम ने ओवरमैन सतेंद्र महतो और सेफ्टी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों अधिकारियों ने शिकायतकर्ता जगदीश तांती से 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत मिलने पर सीबीआई ने कार्रवाई की। दोनों आरोपी सीसीएल के कर्मचारी हैं।। सीबीआई टीम दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रांची ले गई है। कार्रवाई के बाद उनके कार्यालय को सील कर दिया गया है। छापेमारी के बाद परियोजना कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### वन कर्मियों पर हमला आरोपियों हो कार्रवाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर खंडवा में वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर रासुका की कार्रवाई की मांग की। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि खंडवा वन मंडल के गुढ़ी वन परिक्षेत्र क्षेत्र आमा खुजरी में वन माफिया ने वन कर्मचारियों पर कार्रवाई के विरोध में जानलेवा हमला किया है। जिसमें कई वन कर्मचारी घायल हुए हैं। कर्मचारियों ने वन माफिया के विरुद्ध खलावा थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिस कारण वन कर्मचारियों में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है, इसलिए कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

### छग के नौ जिले 'सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट' बनेंगे

**रायपुर।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने भी सिविल डिफेंस को मजबूत करने की दिशा में काम शुरू किया है। नौ शहरों रायपुर, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर-चांपा, धमतरी और दंतेवाड़ा को 'सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट' घोषित करने की तैयारी है।

### पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित नहीं किया जाए: डॉ. यादव

# सीएम ने कहा... विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की पुरानी पृष्ठभूमि के आधार पर सभी को अपराधी नहीं माना जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की पुरानी पृष्ठभूमि अथवा पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के सभी लोगों को अपराधी नहीं माना जाए। पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं किया जाएं।

इस तरह की असम्मानजनक शब्दावली से बचा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इनका निवास है। जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से विमुख करने के लिए प्रयास किया जाए, जो विभिन्न कारणों से अपराधों से जुड़ जाते हैं।

**विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें**

विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु जातियों के पुनर्वास कार्यों को दें प्राथमिकता

* * * * * *

मुख्यमंत्री ने की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु विभाग के कार्यों की समीक्षा

* * * * * *



### छात्रवृत्ति वितरण के कार्य तय समय में किया जाए

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि आगामी शिक्षण सत्र में विभिन्न जिलों में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति वितरण के कार्य तय समय में किया जाएगा। इस बारे में विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में मेस सुविधा संचालन की स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में मेस संचालन शुरू होगा। दिल्ली छात्र गृह योजना में वर्तमान में स्वीकृत 50 सीट की वृद्धि कर 150 सीट किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कन्या छात्रावास में बाउंड्रीवॉल का निर्माण पूर्ण होने तक कांटेदार फेंसिंग की जाए।

### वक्फ सम्पत्तियों के डिजिटलाइजेशन में मप्र बन रहा है मॉडलः मंत्री कृष्णा

राज्य मंत्री गौर ने बताया कि प्रदेश की वक्फ समितियों का डिजिटलाइजेशन राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। मप्र वक्फ समितियों के डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्यों में मप्र मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक में प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार ने अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों के निर्माण, छात्रवृत्ति राशि के वितरण और अन्य योजनाओं की जानकारी दी। संचालक विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु कल्याण नीरज वशिष्ठ ने जानकारी दी कि प्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय की 51 जातियां हैं। इन जातियों में 14 जातियां अनुसूचित जाति वर्ग, 10 जातियां अन्य पिछड़ा वर्ग और 27 जातियां सामान्य वर्ग की श्रेणी में आती हैं।

#### सांसी जाति के कल्याण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ जिले में पुलिस प्रशासन की ओर से सांसी जाति के कल्याण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के कार्यों को प्रभावी रूप से संपादित करने के निर्देश दिए।

#### सामुदायिक विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग के संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सौरभ सुमन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जबलपुर के बरगी हिल्स पहुंचे

## 27 करोड़ 84 लाख की लागत वाले सांदीपनि विद्यालय का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सांदीपनी विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के आदर्श केंद्र बनकर उभर रहे हैं। इनसे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। भगवान गोपाल कृष्ण की शिक्षा उज्जैन के सांदीपनी गुरुकुल में हुई थी। सांदीपनि मुनि गुरु परंपरा के आदर्श उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने बेटे की परवाह किए बगैर भगवान श्रीकृष्ण सहित अनेकों विद्यार्थियों को शिक्षा-दीक्षा दीं। तत्कालीन समय में सांदीपनि के पुत्र को यम जाति के आक्रांताओं ने बंदी बना रखा था और बाद में श्रीकृष्ण ने गुरु भाई को छुड़ाकर सांदीपनि मुनि को लौटाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को जबलपुर के बरगी हिल्स में सांदीपनी विद्यालय के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र में पहली बार शासकीय स्कूलों (सांदीपनी विद्यालय) में प्रायवेट की तर्ज पर खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित होंगी। सरकारी स्कूल भी प्राइवेट को पीछे छोड़ेंगे। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट में आए 70 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों से पढ़ाई करने वाले रहे हैं।



#### 11 एकड़ क्षेत्र में निर्माण

सांदीपनी विद्यालय का निर्माण 27 करोड़ 84 लाख की लागत से 11 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। सर्व सुविधायुक्त विद्यालय में 1960 विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे। समारोह में सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक संतोष बरकड़े और रत्नेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### सांस्कृतिक मूल्यों के केंद्र

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र में नवाचारों का क्रम जारी है। प्रदेश का सांस्कृतिक वैभव आज देश-दुनिया में पहचाना जा रहा है। जबलपुर में सांदीपनि विद्यालय का भूमि-पूजन कर मुख्यमंत्री ने अनुपम सौगात दी है।

### सामूहिक आत्महत्या करने की आशंका

## एक ही परिवार के 4 लोगों के घर में मिले शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

महासमुंद में एक ही परिवार के 4 लोगों के एक साथ शव मिले हैं। मृतकों में पति-पत्नी और उनके 2 मासूम बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने सामूहिक आत्महत्या की आशंका जताई है। हालांकि मामले की जांच की जा रही है।

यह पूरा मामला बागबाहरा के शासकीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, बागबाहरा के शासकीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के H-2 बिल्डिंग के अपने मकान नं. 5 में रहने वाले बसंत पटेल (42 वर्ष) का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी भारती पटेल (38 वर्ष), बेटी सेजल पटेल (11 वर्ष) और बेटे कियांश पटेल (4 वर्ष) के शव फर्श पर पड़े मिले हैं।



पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है। बसंत पटेल आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय बागबाहरा मे प्यून ( भृत्य ) के पद पर कार्यरत था। जब उनकी लाश मिली तो घर अंदर से बंद था। पुलिस को आशंका है कि बसंत पटेल ने अपने परिवार को जहर देकर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। फिलहाल घटना का कारण अज्ञात है। बागबाहरा पुलिस ने मर्ग कायम कर चारों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में है। इसके साथ ही सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुट गई है।

### मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

**भोपाल।** प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया पीटीआई के वरिष्ठ संवाददाता अनिल दुबे का मंगलवार को देहावसान हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास एफ-06/20, केतकी हॉस्टल के समीप चार इमली भोपाल से 14 मई को सुबह 9 बजे भदभदा, मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पीटीआई भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों पर पत्रकारिता के मूल्यों को सदैव प्राथमिकता दी। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिवार को यह वज्रपात सहन करने का संबल और धैर्य प्रदान करें।

### रायगढ़ बना प्रदेश का पहला डिजिटल पंचायत जिला

**रायपुर।** रायगढ़ जिला एक नई मिसाल बनकर सामने आया है। यह प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां ग्राम पंचायतों में टैक्स और शुल्क का भुगतान अब डिजिटल माध्यम यानी यूपीआई के जरिए किया जा रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स, बाजार शुल्क, जलकर और स्वच्छता कर जैसे भुगतान अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से आसानी से कर रहे हैं। रायगढ़ जिले ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को गांवों तक पहुंचाकर ग्रामीण शासन व्यवस्था को नई दिशा दी है।

जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में यूपीआई आधारित टैक्स वसूली की व्यवस्था लागू कर दी गई है। पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर यूपीआई क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीणजन घर बैठे ही अपने टैक्स भर पा रहे हैं। इस प्रणाली ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा दिया, बल्कि इससे पंचायतों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## टास्क फोर्स ने 9 संदिग्ध हिरासत में लिए अब तक 128 घुसपैठियों की हुई पहचान

**कवर्धा (हरिभूमि न्यूज)।** छत्तीसगढ़ में टास्क फोर्स ने नौ संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जबकि अब तक 128 घुसपैठियों की पहचान की गई है। यह कार्रवाई भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर कबीरधाम जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने के चलते की गई है। जिला पुलिस ने सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए एक विशेष 'पुलिस टास्क फोर्स' का गठन किया है, जो संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए जगह-जगह अभियान चला रही है। टास्क फोर्स की कार्रवाई में 6 उत्तर प्रदेश और 3 अन्य जिलों के कुल 9 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

**इन इलाकों में जांचः** जांच के दौरान इनके पास वैध पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिले हैं। इनके खिलाफ धारा 128 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। एडिशनल एसपी पुष्पेन्द्र बघेल के नेतृत्व में गठित इस टीम में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, कोतवाली प्रभारी, दो टीआई और 50 से अधिक पुलिस जवान शामिल हैं। टीम ने मंगलवार को आदर्श नगर, कसाई पारा, अटल आवास, समनापुर और हरिनछपारा गांव में सघन और अचानक चेकिंग अभियान चलाया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# महंगाई कम हुई, अब विकास को रफ्तार देने का समय

आखिरकार वो खबर आ ही गई जिसका लंबे समय से इंतजार था। अप्रैल महीने में थोक महंगाई 2.05 प्रतिशत से घटकर 0.85 पर आ गई है। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में महंगाई 0.53 फीसदी पर थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 मई को ये आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 की महंगाई दर को सरकार ने संशोधित किया है। इसे 2.38 फसदी से बढ़ाकर 2.45 प्रतिशत कर दिया गया था। महंगाई घटने का सबसे सीधा और महत्वपूर्ण लाभ यह होता है कि लोगों की क्रय शक्ति में वृद्धि हो जाती है। जब चीजें सस्ती होती हैं तो लोगों के पास अधिक पैसा बचता है, जिससे वे अपने रोजमर्रा के खर्चों के अलावा, अन्य आवश्यक और गैर-जरूरी चीजों पर भी खर्च कर सकते हैं। इसका सीधा असर बाजार पर होता है। अगर खपत बढ़ती है तो उत्पाद बढ़ता है। रोजगार के साधन के अलावा बाजार में पैसे का प्रवाह भी तेज गति से होता है। महंगाई में कमी से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। जब लोग अधिक खर्च करते हैं, तो इससे मांग बढ़ती है। यह मांग व्यवसायों को अधिक उत्पादन करने के लिए प्रेरित करती है। महंगाई घटने के अनेक कारक हैं। अप्रैल 2025 में, खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट से महंगाई दर में कमी आई है। खासकर सब्जियों, फलों, दालों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे आम लोगों को राहत मिली है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। महंगाई कम होने के बहुत लाभ हैं। न केवल आम जनमानस को राहत मिलती है बल्कि आम आदमी की क्रय शक्ति में भी वृद्धि होती है। महंगाई घटने से ब्याज दरें भी कम हो सकती हैं। जब महंगाई कम होती है तो केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को घटा देते हैं, जिससे निवेश और ऋण लेने में आसानी होती है। इससे अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश होता है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। महंगाई में कमी से शेयर बाजार में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब महंगाई कम होती है, तो निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, और वे शेयर बाजार में अधिक निवेश करते हैं। कम महंगाई से सरकार के खजाने में भी वृद्धि होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम महंगाई से कर राजस्व में वृद्धि होती है, क्योंकि लोग अधिक बचत कर रहे हैं और अधिक खर्च कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था भी स्थिर रहती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह एक स्वस्थ आर्थिक माहौल बनाता है, जो निवेश, व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। महंगाई कम होने का सीधा लाभ सरकार को भी मिलता है। कम महंगाई से समाज में भी स्थिरता आती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह लोगों को संतुष्ट करता है और वे सरकार के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। अब यक्ष प्रश्न यह है कि किसी भी तरह से महंगाई को काबू में ही रखा जाए। वैसे भी पूर्व अनुमानों में मानसून को बेहतर बताया गया है। हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 16 प्रतिशत है और लगभग 50 फीसदी जनसंख्या इस पर निर्भर है। अगर मानसून बेहतर रहता है तो इससे सीधे-सीधे किसान की और ग्रामीण अर्थव्यवस्था बेहतर होती है। अब रिजर्व बैंक को भी चाहिए कि कम हुई महंगाई को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती करें, जिससे बैंक कर्ज सस्ते हों और बाजार में तेजी आए। तभी महंगाई की कमी का सही लाभ आम आदमी को मिल पाएगा।

# युद्ध हमेशा त्रासदियां ही लाती हैं



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों के धर्म पूछकर हत्या करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बड़ी तेजी से तनाव बढ़ा था। सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में जब लोगों के प्रतिक्रियाओं को इस माध्यम के जरिए बड़ी तेजी से विस्तार मिल रहा है तब इस घटना की व्यापक प्रतिक्रिया विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर देखी गई। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों पर लोग सरकार पर इस हमले का बदला लेने का लगातार दबाव डालने लगे वहीं कुछ यूजर्स इस मसले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी तंज कसने से पीछे नहीं हटे। इधर भारतीय सेना ने 6 और 7 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चल रहे आतंकियों के ट्रेनिंग सेंटर और ठीकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से सर्जिकल स्ट्राइक कर अनेक खूंखार आतंकियों को मार गिराया। भारत के इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में बौखलाहट बढ़ गई और उसने एलओसी और भारत के सीमावर्ती इलाकों में मिसाइलें दागी व ड्रोन छोड़े। भारतीय सेना ने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया फलस्वरूप पाकिस्तान के पैर बड़ी तेजी से उखड़ने लगे। दोनों देशों के बीच यह युद्ध महज चार दिनों तक चला और पाकिस्तानी सेना के पहल और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के बाद आखिरकार 10 मई को शाम पांच बजे युद्धविराम की घोषणा हो गई। भारत और पाकिस्तान के बीच चलने वाला यह सबसे छोटा युद्ध था जिसने पूरी दुनिया को भारत के सामरिक शक्ति, सटीक सैन्य रणनीति, रक्षा प्रणाली तथा किसी भी युद्ध और आपदा में पूरे देश की एकजुटता से परिचित करा दिया।

इधर बीते 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच जारी युद्ध पर सीज़फायर के बाद सोशल मीडिया यूजर्स एक बार फिर से केंद्र सरकार पर पिल पड़े हैं और इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ट्रोल करने लगे। सोशल मीडिया पर गौर करें तो युद्धोन्मादी ट्रोलर्स प्रधानमंत्री पद की गरिमा को बालाए- ताक रखकर नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट और मीम शेयर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं जो शुरुआत में जंग का विरोध करते देखे गए लेकिन सीजफायर के बाद मोदी सरकार को ट्रम्प की आड़ में उलाहना देते नजर आए मतलब 'चित भी मेरी और पट भी मेरी'। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशवासियों को भरोसा दिलाया था कि 'हमला करने वाले आतंकियों और उनके आकाओं को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी और उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।' मतलब साफ था कि भारत का एक्शन आतंकवादी संगठनों और उनके ठिकानों पर होगी और भारतीय सेना ने वही किया। इसके मद्देनजर युद्धविराम पर प्रधानमंत्री को ट्रोल करने वाले सोशल मीडिया वीरों को समझना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दूसरे चरण का लक्ष्य खीझे हुए पाकिस्तानी सेना के हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देना था न कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध का ऐलान था।



इसके तहत भारतीय सेना के तीनों अंगों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमले को हवा में ही नेस्तनाबूद कर दिया वहीं गोलीबारी का भी मुंहतोड़ जवाब दिया फलस्वरूप पाक सेना बैकफुट पर नजर आई। इधर भारतीय सेना और सुरक्षा बल पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने बड़े शिद्दत से जुटी हुई है उम्मीद है आगे चलकर वे और उनके मददगार पकड़े भी जाएंगे। सोशल मीडिया के ट्रोल आर्मी और राजनीतिक दलों के नेताओं व आईटी सेल को यह भी समझना होगा कि भारत कोई भी युद्ध रणनीति, कूटनीति और राष्ट्रनीति से लड़ता है लिहाजा सीजफायर पर टिप्पणी करने के पहले सेना के शौर्य व सैन्य रणनीति के बारे में भी विचार करें। आखिरकार युद्ध हो या शांतिकाल हमारी सेना ही सरहदों पर डटी रहती है।

सोशल मीडिया यूजर्स को समझना होगा कि भारत - पाक युद्ध कोई दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच नहीं है जो इसे ड्राइंग रूम में बैठकर लुत्फ उठाने के लिए टेलीविजन पर देखा जाए। इधर सेना ने स्पष्ट कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है यदि पाकिस्तान ने सीज़फायर का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ नीति बन चुकी है। सीजफायर को लेकर जारी आरोप - प्रत्यारोप, तंज और सियासत को परे रख दें तो भारत ने बीते 7 मई से 10 मई के बीच अपने सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को आतंकियों के समर्थन देने के करतूत पर जो सबक सिखाया है वह तत्कालिक तौर पर सबसे उचित कदम है। केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लगाए गए सिंधु जल समझौता स्थगन सहित अन्य बंदिशें आगे भी ज़ारी रहेंगे। दरअसल भारत एक बड़ी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है जिसके आगे चलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है जबकि पाकिस्तान एक कर्ज में डूबा बदहाल देश है। इस लिहाज से देखें तो लंबे युद्ध के लिए हथियार, गोला-बारूद, इंधन चाहिए जिसके चलते भारत पर सैन्य खर्च बढ़ेगा जिसका असर देश के अर्थव्यवस्था पर पड़ना लाजिमी है।

वैश्विक परिदृश्य पर गौर करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ नीति चलते दुनिया इन दिनों 'ट्रेड वॉर' के गिरफ्त में है। इस व्यापार युद्ध में सबसे ज्यादा संभावना भारत की है लिहाजा आज की परिस्थिति में पाकिस्तान के साथ लंबा जंग आर्थिक तौर पर भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति के बाद वहां लोकसभा, विधानसभा और जिला परिषदों के चुनाव हुए हैं जिसमें कश्मीरी आवाम ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। कश्मीर में लोगों का भरोसा जहां भारतीय जम्हूरियत के प्रति बढ़ा है वहीं किशोरों और युवाओं के हाथों में अब पत्थर की जगह किताब और रोजगार है। दरअसल पाकिस्तान जम्मू - कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली और विकास से बौखलाहट में है लिहाजा वह भारत को युद्ध के लिए उकसा रहा है। पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म पूछकर किया गया आतंकी हमला भी पाकिस्तान के इसी रणनीति का हिस्सा है जिसमें वह चाहता है कि जम्मू - कश्मीर में सांप्रदायिक तनाव बढ़े लेकिन कश्मीरी आवाम ने जिस तरह से पाक परस्त आतंकी हमले का विरोध किया उससे पाकिस्तानी मंसूबों पर पानी फिर गया। इधर भारत के साथ दुविधा यह भी है कि यदि युद्ध लंबा खींचा तो पाकिस्तान की कंगाली या संभावित हार के मद्देनजर चीन पाकिस्तान को सैन्य सहायता दे सकता है। यह भी विचारणीय है कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं जिसके चलते पाकिस्तान जहां की हुकूमत सेना और मजहबी कट्टरपंथियों के इशारे पर चलती है वह जंग में हार को देखते हुए इस शक्ति के इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकेगी।

इतिहास गवाह है कि युद्ध में कभी किसी की विजय नहीं होती लेकिन हार हमेशा मानवता की ही होती है। विश्वयुद्ध से लेकर देशों के बीच हुए जंग के नतीजे गवाह हैं कि इन विभिषिकाओं को हमेशा आने वाली पीढ़ी दशकों भोगती है। इस जंग में उन बेकसूर युवा, बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों की जानें जाती हैं जिनका कोई वास्ता इस युद्ध के जीत या हार से नहीं होता। पहले विश्वयुद्ध में एक करोड़ से अधिक लोग मरे तो दूसरे विश्वयुद्ध में 5.5 करोड़ लोगों की मौत हुई तथा 3.5 करोड़ लोग जख्मी हुए।युद्ध के कोख से ही शरणार्थी जन्म लेते हैं जिन्हें अन्य देशों में शरण लेना पड़ता है।इन शरणार्थियों की नियती शरण लेने वाले देश में की दोयम दर्जे के आदमी की बन जाती है जहां उसे रोटी, कपड़ा और सर पर छत के लिए स्थानीय प्रशासन के रहमो-करम पर निर्भर होने के लिए मजबूर हो जाता है। साल 1971 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के समय हजारों पूर्वी पाकिस्तानी पलायन कर भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हुए थे। दुनिया में ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है जो शरण दिए देशों के लिए बोझ साबित हो रहे है। युद्ध का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है फलस्वरूप महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती है। युद्ध की विभीषिका पलायन, अशिक्षा, बेरोजगारी, बीमारी, भूखमरी, कुपोषण, महामारी और गरीबी का भी मर्ज देती है जिसका दर्द युद्ध पीड़ितों को दशकों-सदियों पीढ़ी दर पीढ़ी सालते रहता है। युद्ध के इन सबकों से दुनिया के शासकों ने कोई सीख नहीं लिया अलबत्ता दुनिया के महापुरुषों, लेखकों और चिंतकों ने अपने जीवन दर्शन, विचारों और साहित्यों में इस मानवीय प्रलय के प्रति बार-बार आगाह किया है। मानव इतिहास पर नजर डालें तो युद्ध से कभी मसले हल नहीं होते बल्कि यह केवल विभिषिका और प्रलाप ही लेकर आता है। बहरहाल 'विकसित भारत - 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को शांति और एकजुटता के राह में ही चलना होगा लिहाजा हालिया युद्धविराम एक सार्थक फैसला है।

## ऑपरेशन सिंदूर
राजेश जैन



# भारत की रणनीतिक विजय है संघर्ष विराम

दस मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बदल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्ष विराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। लेकिन संघर्ष विराम की यह पहल चाहे पाकिस्तान की रही हो या अमेरिका की मध्यस्थता से हुई हो अथवा भारत की रणनीतिक संतुलन साधने की चतुराई रही हो, एक बात तय है कि इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्ष विराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। इस दौरान भारत ने ब्रह्मोस जैसे एडवांस हथियारों के उपयोग के जरिए अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। देश ने आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन हासिल किया और पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफल रहा। इस दौरान चीन के हथियारों की प्रभावशीलता को चुनौती दी, जिससे उसकी छवि को झटका लगा। भारत कूटनीति और सैन्य शक्ति का संतुलन साधते हुए संघर्ष को सीमित रखने में भी सफल रहा। 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सामरिक ठिकानों पर स्कैल्प, हेमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से हमला किया। ब्रह्मोस का उपयोग पहली बार सुखोई-30 जैसे फाइटर जेट से किया गया। इससे पाकिस्तान को स्पष्ट संकेत दिया कि भारत अब पारंपरिक जवाबी हमलों से आगे निकल चुका है। पाकिस्तान को आशंका हुई कि भारत अगला निशाना उसके परमाणु ठिकानों और आर्मी कमांड सेंटर्स पर साध सकता है। यह डर इतना गहरा था कि पाकिस्तान को अमेरिका की 'हॉटलाइन' पर मदद लेनी पड़ी। अमेरिका ने तुरंत कड़ा रुख अपनाते हुए इस्लामाबाद से संघर्ष रोकने को कहा। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के डायरेक्टर ऑफ़ मिलिट्री ऑपरेशन्स डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत हुई और शाम तक सीजफायर पर सहमति बन गई। एक अन्य महत्वपूर्ण थ्योरी के मुताबिक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर इस संघर्ष को रोकने की सलाह दी। अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव परमाणु संघर्ष में तब्दील हो सकता है। वेंस के फोन कॉल के बाद भारत और पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिकों और सुरक्षा सलाहकारों के बीच कई दौर की बातचीत शुरू हुई। इस थ्योरी से यह संकेत मिलता है कि भारत वैश्विक दबाव को नजरअंदाज नहीं कर रहा था, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत पीछे हटा बल्कि यह संकेत है कि भारत अपनी स्थिति स्पष्ट कर अपनी सैन्य श्रेष्ठता स्थापित करने के बाद कूटनीतिक समाधान की ओर बढ़ा। संघर्ष विराम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भूमिका उजागर होती है। भारत की सख्त आपत्ति के बावजूद आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन जारी किया। भारत ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान इस धन का उपयोग आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में कर सकता है। कई विश्लेषकों का मानना है कि आईएमएफ द्वारा यह लोन जारी करने की शर्त ही संघर्ष विराम रही हो। अमेरिका आईएमएफ के निर्णयों पर भारी प्रभाव रखता है और यह संभव है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को लोन के बदले संघर्ष विराम के लिए राजी किया हो। यह कूटनीति भारत के लिए लाभदायक रही, क्योंकि बिना अतिरिक्त सैन्य नुकसान के पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। सीजफायर के पीछे एक चौथा दिलचस्प पक्ष चीन से जुड़ा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जिन हथियारों का प्रयोग किया जेएफ -17, पीएल-15 मिसाइल, एचक्यू -9 डिफेंस सिस्टम, वे सभी चीन से प्राप्त थे। भारत ने अपनी एयर डिफेंस प्रणाली के माध्यम से इन हथियारों को नाकाम किया, जिससे चीन के हथियारों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए। चीन को डर था कि उसके हथियारों की असफलता से उसकी वैश्विक हथियार बाज़ार में छवि को गंभीर नुकसान होगा। इसलिए चीन ने पाकिस्तान पर सीजफायर के लिए दबाव डाला। भारत ने अपने मिलिट्री रिस्पांस पूरी करने के बाद ही संघर्ष विराम की दिशा में कदम बढ़ाया। भारत ने स्पष्ट किया कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अपनी सुरक्षा और जवाबी कार्रवाई में कोई कोताही भी नहीं बरतेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकीर्णता अधर्म है विष है



संकलित
**दर्शन**

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये। जैन धर्म को ही ले लीजिये श्वेताम्बर दिगम्बर स्थानक वासी मूर्ति पूजक तेरा पंथी आदि बड़े बड़े विभाग तो है ही इसमें भी संप्रदाय और उप संप्रदायों का एक विशाल समूह खड़ा है।

## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना मांगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत की सहनशीलता

पहलगाम की घटना के बाद आवेश में भारत ने संयम बरतने का परिचय दिया। जिस तरह से बेरहमी पूर्वक निर्दोष लोगों की आतंकियों ने नृशंस हत्या की है। वह निंदनीय थी। मोदी ने कहा कि ट्रेड- टेरर और टाक एक साथ नही चलने वाला है। भारत बात सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पाकिस्तान हर बार न्यूक्लियर की धमकी देता आ रहा है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि अब परमाणु धमकी कभी भी सहन करने वाला नही है। पाकिस्तान को करारा जवाब मिलता रहेगा। भारतीय सेना का मनोबल न तो तोड़ा जाएगा और न ही लाख कोशिश के बाद भी उसे भेद सकेगा। भारत ने वीरता दिखाई और सेना के शौर्य और पराक्रम के लिए मोदी ने उन्हें धन्यवाद दिया। पाकिस्तान ने आतंकी गतिविधिया और सैन्य दुस्साहस नही दिखाने की शर्त पर सीजफायर स्थगित किया गया है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



माँ भारती के अमर सपूत, स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महान योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की पावन जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन! अधर्म व आतताइयों के विरुद्ध उनका असाधारण संघर्ष युग-युगांतर तक हर भारत वासी को प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### समरसता न बिगड़े



मध्यप्रदेश के मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़े।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### न्यायमूर्ति गवई को बधाई



उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को हार्दिक बधाई। आशा है कि उनका कार्यकाल न्याय के उच्चतम आदर्शों को कायम रखेगा व न्यायपालिका में लोगों का विश्वास मजबूत करेगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### अस्वीकार्य बयान



प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के उस मंत्री को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया, जिसने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बेहद शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बयान दिया?

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

## करंट अफेयर

# भारत को अब जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत



पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले एक विशेषज्ञ ने यहां कहा कि भारत को अपने नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम को प्रगति की दिशा में ले जाने के बाद जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर अब जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत है। सिंगापुर में आयोजित एक सम्मेलन में नयी दिल्ली स्थित काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अरुणाभ घोष ने यह बात कही। घोष ने कहा कि संसाधनों के प्रबंधन पर काम किया जा रहा है लेकिन देश भर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत है। घोष ने यहां पांच से आठ मई तक आयोजित 'इकोस्पेरिटी सप्ताह 2025' से इतर 'पीटीआई' से बातचीत में देश में जल अवसंरचना के खासकर जल जीवन मिशन के विस्तार में सुधार का उल्लेख किया। इसमें ग्रामीण इलाकों में घरों में नलों से पानी पहुंचाने की योजना है। घोष ने साथ ही यह भी कहा कि कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पानी का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल किए जाने की जरूरत है जैसे कि कृषि के क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 14 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र कृषि का है लेकिन देश में एक पुरानी और गैर-लाभकारी प्रथा है कि कुछ मौसमी फसलों के लिए खेतों में पानी भर देना। उन्होंने कहा कि इससे पानी की बर्बादी होती है।

## ऑफ बीट

# आपकी माफी किस तरह प्रभावशाली हो सकती है



जब आप किसी से माफी मांगते हैं तो कई बार ऐसे सही शब्द खोज पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे सामने वाले को लगे कि वाकई आप क्षमा मांग रहे हैं। लेकिन ऐसे कुछ भाषाई तरीके हैं जिनका इस्तेमाल करके आप अपना सटीक संदेश प्रभावशाली तरीके से दे सकते हैं। हम जो शब्द चुनते हैं उनकी लंबाई इस बात को प्रभावित करती है कि माफी कितनी ईमानदार से मांगी जा रही है। क्षमा को अक्सर 'हल्की बात' के रूप में वर्णित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति 'सॉरी' बोल देता है, भले ही वह वास्तव में कैसा भी महसूस करता हो। लेकिन माफी काम भी करती है। शोध से पता चलता है कि अगर कोई व्यक्ति माफी मांगता है तो लोग बेहतर महसूस करते हैं और इस बात की संभावना अधिक होती है कि वे माफी मांगने वाले के साथ फिर से सहयोग करें।माफी को अधिक प्रेरक बनाने का एक तरीका इसे महंगा बनाना है। जब क्षमाप्रार्थी लोग पैसे, प्रयास या समय खर्च करने के रूप में लागत वहन करने को तैयार होते हैं, तो उनकी माफी को बेहतर तरीके से स्वीकार किया जाता है। साल 2009 के एक अध्ययन में पाया गया कि लोग उस तरह की माफी से अधिक आश्वस्त होते हैं जिसके लिए क्षमा मांगने वाले को पैसे खर्च करने पड़ते हैं, न कि उन माफी से जो बिना किसी लागत के दी जा सकती हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की शौर्य तिरंगा यात्रा की अहम गाथा के लिए भाजपा ने किया आयोजन

# बच्चे, बूढ़े और जवान हाथों में तिरंगा फहराते 'भारत माता की जय', वंदे मारतम के नारे लगाते बढ़े तो उमड़ पड़ा जनसैलाब

*पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी और सेना के शौर्य को सैल्यूट करने के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने 'शौर्य तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों की राजधानी में आयोजित की गई इस तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी और सेना के शौर्य को सैल्यूट करने के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने 'शौर्य तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों की राजधानी में आयोजित की गई इस तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। बच्चे, बूढ़े और जवान हाथों में तिरंगा फहराते हुए 'भारत माता की जय', वंदे मारतम के नारे लगाते हुए जब आगे बढ़े तो हर राहगीर रुककर तिरंगे को सैल्यूट करता नजर आया।तिरंगा यात्रा की शुरुआत भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, ओडिशा, गोवा समेत अन्य राज्यों की राजधानी से हुई। इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्री हाथ में तिरंगा फहराते हुए सड़कों पर निकले और इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सशस्त्र बलों की बहादुरी को शेल्यूट करने के लिए भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, गुजरात, ओडिशा समेत अन्य राज्यों में ये तिरंगा यात्रा निकाली गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यानाथ, हरियाणा की राजधानी पंचकुला में सीएम नवाब सिंह सैनी, दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता, उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में सीएम पुष्कर धामी, गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में सीएम प्रमोद सावंत और ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा द्वारा देश भर के अन्य राज्यों में भी किया जाएगा।



### देश के प्रति प्रेम और गर्व की भावना को प्रकट किया

'तिरंगा यात्रा' एक देशभक्ति से जुड़ी यात्रा है। जिसमें लोग भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर रैली या मार्च निकालते हैं। देश के प्रति प्रेम और गर्व की भावना को प्रकट करने के लिए ये तिरंगा यात्रा खास अवसरों पर निकाली जाती है। देशप्रेम, राष्ट्र एकता और सांस्कृतिक गौरव को प्रकट करने के उद्देश्य से ये तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना, भारतीय सेना की वीरता को सम्मानित करना, और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना है।

### लखनऊ में सीएम योगी की हुंकार
## कोई भारत को छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं, उनका कोई रोने वाला बचेगा नहीं


लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीएम आवास पर मुख्यमंत्री योगी ने हाथ में तिरंगा फहराते हुए तिरंगा यात्रा का प्रतिनिधित्व किया। तिरंगा यात्रा के अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा आने वाले समय में यह तय है कि जो भी भारत की ओर उंगली उठाएगा और बहन-बेटियों की इज्जत के खिलाफ सुरक्षा तोड़ने का काम करेगा, उसके अंतिम संस्कार में रोने वाला कोई नहीं होगा। कोई भारत को छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं। इसके अलावा राज्य को दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और सांसद व विधा यक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### धामी की अगुवाई में निकली 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा'
## मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन विजय को समर्पित की यह यात्रा

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बुधवार को देहरादून में शौर्य स्थल चीड़बाग से गांधी पार्क तक भव्य 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। हजारों की संख्या में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी।


देहरादून

### महाराष्ट्र में आयोजन
## शिंदे ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया


ठाणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को चिह्नित करने के लिए बुधवार को ठाणे में 'तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया। खुली जीप में सवार शिंदे के साथ राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के और शिवसेना के अन्य नेता भी मौजूद थे। शिंदे ने कहा कि आतंकवादियों ने हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया, जिसके बाद हमने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सशस्त्र बलों के नेतृत्व के प्रति आभार भी जताया।

**भाजपा करेगी 3,000 से अधिक रैलियां**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति अगले 5 दिन में राज्य में 3,000 से भी अधिक 'तिरंगा' रैलियों का आयोजन करेगी। इन रैलियों का मकसद भारतीय सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाना है जो सीमाओं पर तैनात हैं। सभी विधायक और प्रतिनिधि इन रैलियों का आयोजन करेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर में प्रमुख तिरंगा रैली में भाग लेंगे।

### ओडिशा के सीएम ने भुवनेश्वर में 'तिरंगा यात्रा' शुरू की
## कोई भी हमें परमाणु धमकी नहीं दे सकता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अद्वितीय वीरता का प्रदर्शन करने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में भुवनेश्वर में 'तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा कलिंगा स्टेडियम से राजभवन तक गई। तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद माझी ने खुद बाइक रैली में हिस्सा लिया। हेलमेट पहनकर मुख्यमंत्री पिछली सीट पर सवार हो गए। बाइक को उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज चला रहे थे। माझी ने जयदेव विहार, आचार्य विहार, वाणी विहार, राज महल चौक, एजी चौक से गवर्नर हाउस चौक तक पहुंचे। बलों के कुछ जवान भी शामिल हुए। तिरंगा थामे प्रतिभागियों ने 'भारत माता की जय' और 'भारतीय सशस्त्र बल जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए। कोई भी हमें परमाणु धमकी नहीं दे सकता।



## श्रीनगर में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देशभर में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। श्रीनगर में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया कैंपस में भी छात्रों और प्रोफेसरों ने यात्रा निकाली। वहीं पंचकूला में भी भाजपा नेताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।


श्रीनगर

### सीएम पटेल ने आत्मगौरव का प्रतीक कहा
## तिरंगा भारत की एकता, संकल्प और शक्ति का प्रतीक


अहमदाबाद

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की बहादुरी और भारत के आत्मगौरव का प्रतीक है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकियों को उन्हीं की जमीन पर जवाब देकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश अब किसी भी साजिश को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, संकल्प और शक्ति का प्रतीक है। कैबिनेट मंत्री जगदीश विश्वकर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर उन आतंकियों को करारा जवाब है, जिन्होंने भारतवासियों पर जातीय पहचान के आधार पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा विपक्ष के हर सवाल का सशक्त जवाब है और बताती है कि भारत अपनी सेना के साथ मजबूती से खड़ा है।

---

## खबर संक्षेप

### दमदम स्टेशन पर पटरी से उतरी उपनगरीय ट्रेन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को दमदम रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करते समय एक उपनगरीय ट्रेन पटरी से उतर गई। अपराह्न करीब 12.11 बजे प्लेटफॉर्म संख्या चार पर प्रवेश करते समय बोनगांव-सियालदह ईएमयू ट्रेन के पिछले कोच के दो पहिए पटरी से उतर गए। इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। विभाग ने मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं।

### कड़प्पा जिले में तालाब में 5 बच्चे डूबे

**मल्लेपल्ली।** कड़प्पा जिले के एक गांव में खेलते समय तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत हो गई। अनुभागीय पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 10 से 15 वर्ष आयु के ये सभी बच्चे एक ही परिवार के थे और मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे ब्रह्ममगरी मत्तम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में तालाब के पास खेलने गए थे। जांच की जा रही है।

## कांग्रेस ने पीएम को घेरा, आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक संरचना पर मंथन

# 25 को केवल एनडीएम सीएम की बैठक क्यों, ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति क्यों?

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष कई यक्ष प्रश्न खडा करने की कोशिश की है। बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सभी के साथ मिल बैठकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा की तिरंगा यात्रा को पूरी तरह राजनीतिक ठहराया।

ऐसी राजनीति का राजनीतिक जवाब क्या होना चाहिए, इस पर मंथन हुआ। तय किया गया कि आक्रामक शैली में प्रधानमंत्री पूछा जाए कि आखिर आगामी 25 को केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों की बैठक क्यों उन्होंने आहूत की है। क्यों नहीं देश के सभी मुख्यमंत्रियों को उन्होंने बैठक में आमंत्रित किया चाहे वे किसी भी दल के हों? कांग्रेस पार्टी ने एक सुर से ऑपरेशन सिंदूर पर कथित रूप से सियासी मुलम्मा चढाये जाने का जमकर विरोध किया।



मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेडा ने ट्रंप के मध्यस्थता दावों को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री की कूटनीतिक असफलता का नतीजा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जमीन से लेकर आसमान से ये दावे कर रहे हैं कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम उन्होंने व्यापारिक वादा कर करायी है। पवन खेडा ने कहा कि व्यापार क्या देश के सम्मान से बडा है। ट्रंप के ऐसे सार्वनजिक बयानों पर प्रधानमंत्री को अपने संबोधन में कुछ बोलना चाहिए था। देश के लोगों को विश्वसा में लेना था, लेकिन वे ट्रंप के दावों पर चुप्पी साध लेते हैं।

### पहलगाम हमले की स्वतंत्र जांच होना जरूरी

जयराम रमेश ने बैठक के बाद पत्रकरों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री से पूछा कि पहलगाम हमले की स्वतंत्र जांच जरूरी है। क्या जांच होगी? उन्होंने कहा, करगिल युद्ध के बाद वाजपेयी सरकार ने तीन दिन में करगिल समीक्षा समिति बनाई थी। क्या मोदी सरकार पहलगाम हमले के लिए स्वतंत्र आकलन कराएगी? उन्होंने सरकार से खुफिया विफलताओं और जवाबदेही पर स्पष्ट जवाब मांगा। रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के उस दावे की कड़ी आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने उनके कहने पर टैरिफ कम किया। रमेश ने इसे भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाला बताया और कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति कमजोर हो रही है।

## कोर कमेटी की बैठक के कार्य बिंदु किए गए तय

हरियाणा भाजपा की बैठक में तिरंगा यात्रा और ऑप्रेशन सिंदूर सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर दिल्ली हरियाणा भवन में हुई बैठक

### आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक संरचना पर मंथन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** हरियाणा भाजपा की संगठनात्मक विषयों को लेकर हरियाणा भवन नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संगठन से जुड़े अहम बिंदुओं के साथ-साथ आगामी कार्य योजनाओं पर मंथन हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। बैठक में संगठन की संरचना, तिरंगा यात्रा, ऑप्रेशन सिंदूर, एक भारत-श्रेष्ठ भारत और वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर भी चर्चा हुई। पंचकूला में होने वाली कौर कमेटी की बैठक के कार्य बिंदु भी तय किए गए। बैठक में भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश के आगामी और चल रहे कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया जिससे कार्यकर्ता जनसेवा की भावना से काम कर सकें। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत होने वाले कार्यक्रमों व बिहार चुनाव पर जरूरी दिशा निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने राष्ट्र हितकारी कार्यक्रमों, प्रदेश में निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं के जरिए लोगों को पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना की शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता आम नागरिकों को अभियान में जोड़ें और 'आप्रेशन सिंदूर' की सफलता की जानकारी और सेना के पराक्रम से लोगों को अवगत कराएं।

### जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने सीएम नायब से की झज्जर में ऑटोमोबाइल विनिर्माण संयंत्र की प्रगति पर की चर्चा

## हरियाणा के युवाओं की क्षमता को पहचान कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में करें कार्यः मुख्यमंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जर्मनी के पोपे प्लस पोटहॉफ जीएमबीएच के समूह सीईओ मार्कस केरखॉफ के नेतृत्व में एक जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने सैनी को झज्जर जिले में ऑटोमोबाइल घटक विनिर्माण संयंत्र की प्रगति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में कंपनी के बिक्री प्रमुख थॉर्स्टन एलर्सिएक के साथ-साथ इस संयुक्त उद्यम में भारतीय भागीदार लालबाबा इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

### प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करें

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हुए कहा कि हरियाणा के प्रतिभाशाली युवाओं की अपार क्षमता को पहचान कर उन्हें सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। राज्य सरकार उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों, खासकर तकनीकी संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी बनाने का पूरा समर्थन कर रही है और एक ऐसी प्रणाली बनाने में मदद कर रही है जो युवाओं को स्थानीय और वैश्विक नौकरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित करे।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए यह ऐतिहासिक कदम

बैठक में जानकारी दी गई कि पोपे प्लस पोटहॉफ जीएमबीएच, जर्मनी और लालबाबा के बीच सहयोग भारत की विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने, आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया पहल के तहत आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एक ऐतिहासिक कदम है। झज्जर में नई संयुक्त उद्यम सुविधा टिकाऊ, भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शून्य-निर्वहन संयंत्र के रूप में संकल्पित, यह सुविधा भारत के पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगी। संयंत्र ईंधन इंजेक्शन और एयरबैग ट्यूब जैसे उच्च परिशुद्धता घटकों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा - ऐसे उत्पाद जो वर्तमान में पूरी तरह से आयात किए जाते हैं।

### कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे

## बिहार में 30 को बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी, रोहतास में कर सकते हैं बड़ी घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जदयू सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत नासाज रहने और 'सेकंड लाइन इन कमांड' केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और राज्यसभा में जदयू संसदीय दल के नेता संजय झा की भाजपा के साथ बेहतर 'ट्विनिंग' होने की वजह से बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा के लिए 'खुला खेल फर्रूखाबादी' है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बार बिहार में हर कीमत पर अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहेगा। भाजपा, जदयू, लोजपा, हम, रालोसपा की मिलीजुली सरकार



बनी तो निश्चित रूप से भाजपा बिहारी सत्ता की ड्राइविंग सीट पर होगी। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'माछ मखान' की धरती मैथिल मधुबनी के बाद इस बार धुर भोजपुरी रोहतास जिले के विक्रमगंज को चुना है। आगामी 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दौरे पर जाएंगे। यह दौरा पाकिस्तानी धरती पर बैठे आतंकी ठिकानों के खिलाफ सैन्य ऑपरेशन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उनका पहला बिहार दौरा होगा। वे बिक्रमगंज में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

पीएम मोदी की यह यात्रा विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से अहम है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भाजपा राष्ट्रवाद के मुद्दे को और मजबूत करने की कोशिश कर रही है और इस दौरे से पार्टी को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। जनसभा में सासाराम, औरंगाबाद, भोजपुर, और बक्सर जैसे आसपास के क्षेत्रों से भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। अप्रैल में उनके मधुबनी दौरे के दौरान 13 हजार 480 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था, जिसमें रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाएं शामिल थीं। फरवरी में भागलपुर दौरे के दौरान उन्होंने किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की थी और कई अन्य योजनाओं की सौगात दी थी। पीएम का यह दौरा भाजपा के लिए स्थिति मजबूत करने का अवसर होगा। विपक्ष, खासकर कांग्रेस केंद्र पर निशाना साध रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा मामले में दी व्यवस्था

घर पर नकदी मिलने के मामले में सुनवाई

## प्राथमिकी दर्ज करने की अर्जी पर तत्काल सुनवाई से न्यायालय ने कर दिया इनकार

### अदालत ने उल्लेख करने की प्रक्रिया का पालन करने को कहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से बुधवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील और याचिकाकर्ता मैथ्यूज नेदुम्परा से उल्लेख करने की प्रक्रिया का पालन करने को कहा।



### आंतरिक जांच के बाद कार्रवाई की

नेदुम्परा और 3 अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका में तत्काल आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि आंतरिक समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया है।

**मार्च में खारिज कर दिया था आवेदनः** मार्च में इन्हीं याचिकाकर्ताओं ने आंतरिक जांच को चुनौती देते हुए और औपचारिक पुलिस जांच की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने लंबित प्रकृति का हवाला देकर अर्जी को अपरिपक्व मान खारिज कर दिया था।

### पूर्व सीजेआई ने रजिस्ट्री में जाने को कहा था

पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख से इनकार कर दिया था और कहा था कि वकीलों या वादियों को पहले ईमेल लिखना होगा और सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में जाना होगा। न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने को कहा था।

**खबर संक्षेप**

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.26 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़ों के समर्थन से बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.26 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख तथा व्यापार शुल्क तनाव कम होने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों के प्रति बढ़ती रुचि ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया।

### श्री सीमेंट का लाभ 16% घटकर 556 करोड़ रुपए




**कोलकाता।** श्री सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 16 प्रतिशत घटकर 556 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 662 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 5,240 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 5,073 करोड़ रुपये थी। कंपनी का ईबीआईटीडीए (कर पूर्व लाभ) 1,381 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है।

### गेल का शुद्ध लाभ छह प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में छह प्रतिशत घटकर 2,049.03 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से पेट्रोरसायन कारोबार में नुकसान और गैस विपणन मार्जिन कम होने से कंपनी का लाभ घटा है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,176.97 करोड़ रुपये था।

### आयशर मोटर्स के लाभ में 27 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 1,362 करोड़ रुपये हो गया।

# माइक्रोसॉफ्ट 6000 कर्मचारियों को दिखाएगी बाहर का रास्ता, कंपनी में दूसरी बड़ी छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल के बाद अब माइक्रोसॉफ्ट भी करीब छह हजार कर्मचारियों के ऊपर कैंची चलाने जा रही है। यानी कुल स्टाफ के करीब 3 प्रतिशत को कंपनी बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। इसमें सभी स्तरों के कर्मचारी शामिल होंगे और इसका कंपनी के ऊपर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट ने साल 2023 में सबसे बड़ी छंटनी कर 10 हजार कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया था। इसके बाद ये दूसरी सबसे बड़ी छंटनी है। छंटनी से प्रभावित स्टाफ के पास कंपनी की ओर से दो ऑप्शन भी दिए जा रहे हैं, जिनमें पहला विकल्प ये कि कर्मचारियों को उनकी सर्विस खत्म होने के बाद 60 दिनों की सैलरी दी जाएगी।

## गूगल के बाद अब माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारियों पर चलाने जा रही कैंची

### वजह एआई में भारी निवेश

पिछले साल यानी 2024 के जून तक माइक्रोसॉफ्ट में कर्मचारियों की कुल संख्या 2,28,000 थी, जिनमें से सिर्फ वाशिंगटन में 1985 स्टाफ हैं। ऐसे में तीन प्रतिशत अपने ग्लोबल स्टाफ को कंपनी की तरफ से फायर किया जा रहा है। कंपनी ने इस फैसले के बारे में बताया इसकी वजह लागत नियंत्रण और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में किया गया भारी निवेश को बताया है।




### कर्मचारियों के लिए कई विकल्प

प्रभावित स्टाफ पुरस्कार और बोनस के पात्र होंगे। एक बयान में माक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा कि डायनामिक मार्केट में कंपनी की सफलता के लिए हम आवश्यक संगठनात्मक बदलाव लगातार करते रहेंगे। इसके अलावा, परफॉर्मेंस के आधार पर निकाले जा रहे स्टाफ को या तो सुधार के लिए कुछ समय-सीमा दी जाएगी या फिर वे 16 हफ्ते के विच्छेदन वेतन के साथ ग्लोबल वॉलंटरी सेपरेशन एग्रीमेंट का भी विकल्प चुन सकते हैं।

### प्रबंधन भूमिकाओं के लोग ज्यादा प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट ने अपने कर्मचारियों की छंटनी के बारे में बताते हुए कहा है कि वे सभी प्रबंधन के नियंत्रण की सीमा को और बढ़ाकर कहीं ज्यादा व्यवस्थित और पदानुक्रम करना चाहते हैं। ऐसे में हाल में हो रही इस छंटनी से मुख्यतौर पर प्रबंधन भूमिकाओं में लगे लोग ज्यादा प्रभावित होंगे।

## मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 0.85 प्रतिशत रह गई

# खाद्य वस्तुओं, ईंधन की कीमतों में नरमी से अप्रैल में थोक महंगाई घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 0.85 प्रतिशत रह गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 2.05 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 1.19 प्रतिशत रही थी। अप्रैल में दर्ज 0.85 प्रतिशत थोक मूल्य सूचकांक की दर मार्च, 2024 के बाद से सबसे कम है। उस समय यह 0.26 प्रतिशत के स्तर पर थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, '' ...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों के विनिर्माण व मशीनरी तथा उपकरणों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।''

**थोक मूल्य सूचकांक मार्च में 2.05 प्रतिशत रहा**

**अप्रैल में दर्ज दर मार्च, 2024 के बाद से सबसे कम**

### बिजली की कीमतों में नरमी रही

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य, ईंधन तथा बिजली के साथ-साथ विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी से इसमें नरमी आई। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट आई। मार्च में खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। अप्रैल में सब्जियों की मुद्रास्फीति दर 18.26 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 15.88 प्रतिशत रही थी।



### प्याज की मुद्रास्फीति में गिरावट

प्याज की मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत हो गई जो मार्च में 26.65 प्रतिशत थी। फलों की मुद्रास्फीति घटकर 8.38 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले महीने 20.78 प्रतिशत पर थी। आलू और दालों कीमतों में भी क्रमशः 24.30 प्रतिशत और 5.57 प्रतिशत की कमी आई।

### ईंधन व बिजली की महंगाई दर में कमी

बार्कलेज ने एक शोध पत्र में कहा, '' अनुकूल आधार प्रभाव आने वाले महीनों में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति को कम रखेगा।'' ईंधन व बिजली की महंगाई दर में अप्रैल में 2.18 प्रतिशत की कमी आई। जबकि मार्च में इन उत्पादों की मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत थी। अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर 2.62 रही, जबकि मार्च में यह 3.07 प्रतिशत थी।

### खाद्य मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान सकारात्मक

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि केरल में समय से पहले मानसून आने और देश में सामान्य से अधिक मानसून रहने के अनुमान फसल उत्पादन के लिए सकारात्मक है। इसके परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान भी सकारात्मक है। आरबीआई मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

सब्जियों, फलों व दालों की कीमतों में नरमी : सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर करीब छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

# पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर की किस्त जारी

एजेंसी ▶▶| कराची/इस्लामाबाद

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को विस्तारित कोष सुविधा कार्यक्रम के तहत 1.02 अरब अमेरिकी डॉलर की दूसरी किस्त वितरित कर दी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान को इस सहायता कार्यक्रम की दूसरी किस्त ऐसे समय पर दी गई है जब आईएमएफ पाकिस्तान के आगामी बजट पर ऑनलाइन माध्यम से चर्चा कर रहा है। हाल ही में भारत के साथ तनाव पैदा होने से आईएमएफ के मिशन प्रमुख की इस्लामाबाद यात्रा कुछ दिन के लिए टल गई। पाकिस्तान सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दो जून को बजट पेश करने की योजना बना रही है।

### आईएमएफ की टीम 23 मई को करेगी यात्रा




सरकारी सूत्रों ने 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' को बताया कि आईएमएफ ने पाकिस्तान में एक नया मिशन प्रमुख नियुक्त किया है जिसके सप्ताहांत में इस्लामाबाद की यात्रा करने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, ''बातचीत के दूसरे और अंतिम चरण के लिए आईएमएफ टीम के शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचने और 23 मई तक वहां रहने की उम्मीद है।''

**इवा पाक में आईएमएफ की नई मिशन प्रमुख :** आईएमएफ ने बुल्गारियाई मूल की इवा पेट्रोवा को पाकिस्तान में नया मिशन प्रमुख नियुक्त किया है। वह निवर्तमान मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के साथ बजट पर चर्चा में शामिल होंगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजन पुत्र** जग मोहन, **निवासी** मकान नं0 209/11A, शांति नगर, हिसार, हरियाणा **यहां भी:** झुग्गी नं0 100A/EE ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 390/2024, U/S 103(1)/118(1)/61(2)/49/305(2)/317(4)/3(5) BNS, पुलिस स्टेशन जहांगीर पुरी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 390/2024, U/S 103(1)/118(1)/61(2)/49/305(2)/317(4)/3(5) BNS, पुलिस स्टेशन जहांगीर पुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07,**
**उत्तर जिला, कोर्ट नं.–06, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6043/NW/2025**
**(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT 08 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/ दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में 1. वर्ष 2025-26 के लिए सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MTC के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य, जो 30.06.2026 को समाप्त होगा और 2. वर्ष 2025-26 के लिए सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MOZ के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य, जो 30.06.2026 को समाप्त होगा। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार। **बयानाराशि (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार। |
| NIT 11 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/ दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के SSE/P.Way/MTC व MOZ के खंड में ट्रैक के रखरखाव के लिए पी वे. वार्षिक जोन 2025-26 का प्रावधान **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार। **बयानाराशि (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार। |
| NIT 16 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में 1. वर्ष 2025-26 के लिए सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के तहत SSE/W/E/GZB के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरो और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य, जो 30.06.2026 को समाप्त होगा और वर्ष 2025-26 सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन SSE/W/E.GZB और SSE/W/M.GZB अनुभाग में ईएमयू कारशेड, एसएंडटी वर्कशॉप, इलेक्ट्रिक लोको शेड, ट्रैक सप्लाई डिपो, सिक लाइन आदि में शेड की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार। **बयानाराशि (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार। |

| | |
|---|---|
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 10.06.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-08, 11 & 16-25-26-W-II दिनांक:- 14.05.2025

1420/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### भारत अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले शीर्ष छह देशों में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बुधवार को कहा कि भारत में 111 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की मंजूरी राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है। इसके साथ ही देश अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले विश्व के शीर्ष छह देशों में शामिल है।

मंत्री ने यहा 'भारत 6जी 2025' सम्मेलन में कहा कि 6जी टेराहट्र्ज आवृत्ति बैंड का उपयोग करेगा, जिससे एक टेराबिट प्रति सेकंड तक डेटा दर प्राप्त होगी जो 5जी की तुलना में 100 गुना तेज है। पेम्मासानी ने कहा, '' 111 से अधिक शोध परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है।

**सेंसेक्स 182 अंक मजबूत**

# महंगाई में नरमी से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

खुदरा महंगाई में नरमी और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और चुनिंदा लिवाली से दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स जहां 182 अंक मजबूत हुआ, वहीं एनएसई निफ्टी में 88 अंक से अधिक की तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा धातु तथा औद्योगिक शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 182.34 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 81,691.87 अंक तक गया और नीचे में 80,910.03 अंक तक आया। बीएसई में 2,857 शेयर लाभ में रहे, जबकि 1,121 शेयरों में गिरावट रही। वहीं 147 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी भी 88.55 अंक की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन चुनिंदा लिवाली के समर्थन से बाजार अंत में लाभ में रहा। सोमवार की जोरदार तेजी के बाद निवेशक जल्दबाजी में नहीं है।हालांकि, घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह आगे चलकर महत्वपूर्ण होगा, लेकिन निवेशकों को चिंता है कि अमेरिका-चीन के बीच शुल्क विवाद के समाधान से चीन के बाजारों में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी फिर से बढ़ सकती है।

**धातु और औद्योगिक शेयरों में रही खरीदारी**




### टाटा स्टील रहा लाभ में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 3.88 प्रतिशत का लाभ रहा। इसके अलावा इटर्नल, टेक महिंद्रा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई–बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


- सोना घटकर 96,850 रुपए प्रति दस ग्राम पर
- चांदी 1450 रुपए टूटकर 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम

# सोना 650 रुपये टूटा चांदी में भी गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 650 रुपये घटकर 96,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 700 रुपये घटकर 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। मंगलवार को यह 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, '' व्यापार तनाव कम होने से सोने की कीमतों में गिरावट जारी है, क्योंकि प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका के साथ व्यापार समझौते कर रही हैं। चीन भी ऐसा करने वाले देशों में शामिल हो गया है जैसा कि दोनों देश एक-दूसरे के सामान पर शुल्क में 90 दिन की कटौती पर सहमत हो गए हैं।''

## शब्द पहेली - 5867




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना–6
5.अलमस्त, उत्साही–4
8. हरे रंग का–2
9.चाह,इच्छा–3
10.अधिकार,आरोप–2
11.निर्दय, हिंसक–4
12.आंदोलन–2
14.सज्जन,सभ्य–4
15.स्मृति,अविस्मरण–2
17.रूखा, रसहीन–3
19.गुप्तचर–4
21.संकट मोचक,नाविक–5
24.चुगली करना–5
27.नेता पथ प्रदर्शक–4
29.प्रेम,चाहत–3
31.एक ग्रह–2
32.अनर्गल प्रलाप–4
33.नौकर,सेवक–2
35.उद्विग्न,आतुर–4
36.श्रवणेंद्रिय–2
38.दीपक,दिया–3
39.बोलने के लिये कहना–2
40.एक मुस्लिम महीना–4
41.सहायता करना–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता–6
2.थोड़ा,कम–2
3.कपड़ों के टुकड़े–4
4.असफल–5
5.राजी करना–3
6.वजन,वायदा–2
7.अनाथ,बेवारिस–4
11.वैधव्य–4
13.राजा की पत्नी–2
16.टूटना–4
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.खबरी,खबर देने वाला–4
20.हमारा पड़ोसी देश–2
22.घूमना–3
23.पराजय–2
25.खतरनाक, खौफनाक–4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत–4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म–5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध–4
30.कभी–2
32.जब्त,प्राप्त होना–4
34.मास्टर ब्लास्टर–3
37.भीगा हुआ–2
39.टैक्स,हाथ–2

### शब्द पहेली- 5866 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |



# जडेजा ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे अधिक 1152 दिनों से नंबर-1 ऑलराउंडर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट फैंस की जहां एक तरफ नजरें इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए घोषित होने वाली स्क्वाड पर टिकी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने टेस्ट में एक नया इतिहास रचने का काम किया है।

भारतीय दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचते हुए 1152 दिनों से दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बने हुए हैं। रवींद्र जडेजा जिनकी गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर प्लेयर्स में की जाती है वह पिछले काफी लंबे समय से टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज हैं। जडेजा इसी के साथ अब नंबर-1 के पायदान पर इतने समय तक रहने वाली वर्ल्ड क्रिकेट के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### नंबर-1 की पोजीशन बरकरार

रवींद्र जडेजा ने साल 2022 में 9 मार्च को जारी की गई आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन को हासिल किया था, जिसके बाद अब तक 1152 दिन होने के बाद उन्होंने इस स्थान पर अपने कब्जे को बरकरार रखा हुआ है।

### जडेजा के 400 रेटिंग अंक

अभी आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर प्लेयर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा 400 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ पहले नंबर पर काबिज हैं तो वहीं उनके बाद दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के खिलाड़ी मेहंदी हसन मिराज हैं जिनके नाम 327 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। ऑलराउंडर प्लेयर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा अभी एकमात्र ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जो टॉप-10 में हैं उसके बाद सीधे 12वें नंबर पर 220 रेटिंग प्वाइंट के साथ अक्षर पटेल का नाम है।



### बनाए 3370 रन और झटके 323 विकेट

रवींद्र जडेजा के अभी तक के टेस्ट कॅरियर को देखा जाए तो उन्होंने 80 टेस्ट मैचों में 34.74 के औसत से 3370 रन बनाएं हैं। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 24.14 के औसत से 323 विकेट हासिल किए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाई है जिसमें वह नंबर-9 की पोजीशन पर पहुंच गए हैं, जिसमें उनके 220 रेटिंग प्वाइंट हैं।

### शीर्ष ऑलराउंडर

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रविंद्र जडेजा | भारत | 400 |
| 2 | मेहदी हसन | बांग्लादेश | 327 |
| 3 | मार्को जेनसन | द.अफ्रीका | 294 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 271 |
| 5 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 253 |
| 6 | जेसन होल्डर | वेस्ट इंडीज | 249 |
| 7 | जो रूट | इंग्लैंड | 247 |
| 8 | गस एटकिंसन | इंग्लैंड | 240 |
| 9 | बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 235 |
| 10 | क्रिस वोक्स | इंग्लैंड | 225 |

## खबर संक्षेप



### फ्रेसर की जगह रहमान दिल्ली टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को आस्ट्रेलिया के जैक फ्रेसर मैकगुर्क की जगह बांग्लादेश के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये टीम में शामिल गया। भारत पाक तनाव के बीच लीग स्थगित होने के बाद स्वदेश लौट चुके मैकगुर्क बाकी मैचों के लिये वापिस नहीं आएंगे। फ्रेसर मैकगुर्क के नहीं खेलने से दिल्ली की टीम पर असर नहीं पड़ेगा क्योंकि पहले छह मैच में औसत प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई। मिचेल स्टार्क के नहीं आने पर भी मुस्ताफिजूर डैथ ओवरों में काम आ सकते हैं।

### कोहली के बिना नीरस होता टेस्ट क्रिकेट: वॉन

**लंदन।** टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से स्तब्ध इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के लिए उतना किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया जितना भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने।



कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वॉन ने अपने कॉलम में लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वालों में बहुत कम ही ऐसे हैं जिनके जाने से मैं वाकई दुखी हुआ हूं कि अब इसे दोबारा खेलते देखने का मौका नहीं मिलेगा। मैं दुखी हूं कि अब विराट कोहली को इंग्लैंड दौरे पर या आगे सफेद जर्सी में नहीं देख सकेंगे।'

### आईएलटी20 का चौथा सत्र दो दिसंबर से होगा शुरू

**दुबई।** डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग का चौथा सत्र दो दिसंबर से शुरू होगा। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह लीग चार जनवरी 2026 तक चलेगी। आम तौर पर यह टूर्नामेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है लेकिन अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप होना है।



पिछले सत्र में दुबई कैपिटल्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराकर खिताब जीता था। पिछले सत्र में सैम कुरेन, शाइ होप, फजलहक फारूकी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, डेविड वॉर्नर और राशिद खान समेत कई सितारा खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला डी गुकेश फिर हारे

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ से ड्रॉ खेलकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक के छठे दौर के बाद बढ़त बना ली है जबकि हमवतन डी गुकेश को फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने हरा दिया।



इंग्लिश ओपनिंग में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा को डुडा ने शुरू में परेशान किया लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली। गुकेश इस हार के बाद लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

### 17 मई से दोबारा शुरू होगा आईपीएल का 18वां सीजन

# आईपीएल में अब हर टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट की एंट्री, पर नहीं होंगे रिटेन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल में अब तक के नियमों के मुताबिक, टीमें किसी खिलाड़ी के बीमार या चोटिल होने की स्थिति में ही रिप्लेसमेंट साइन कर सकती थीं, वो भी सीजन के 12वें मैच तक, लेकिन अब लीग ने अपने नियमों में बदलाव किया है। इससे टीमें पूरे बचे हुए सीजन के लिए अस्थायी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी ले सकती हैं। वहीं आईपीएल ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि लीग के निलंबन के बाद जो भी खिलाड़ी अस्थायी रूप से टीमों में शामिल होंगे, उन्हें रिटेन नहीं किया जा सकेगा।

आईपीएल का 18वां सीजन शनिवार से दोबारा शुरू होगा। इससे पहले भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण लीग को स्थगित कर दिया गया था। नई तारीखों की वजह से कुछ खिलाड़ियों का शेड्यूल टकरा गया है।

हालांकि ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी भारत लौट आए हैं, लेकिन कुछ ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। इनमें दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर-मैकगर्क और चेन्नई सुपर किंग्स के जेमी ओवरटन शामिल हैं।



### आईपीएल रिप्लेसमेंट का नियम

आईपीएल में नियम इसलिए लाया गया है, ताकि फ्रेंचाइजी टीमें नीलामी की प्रक्रिया को चकमा देने के लिए जानबूझकर अस्थायी खिलाड़ियों को न साइन करें। आईपीएल ने एक आधिकारिक नोट में फ्रेंचाइजियों को बताया कि उन्होंने रिप्लेसमेंट से जुड़े नियमों की दोबारा समीक्षा की है। लीग ने कहा कि अगर कोई विदेशी खिलाड़ी देश की जिम्मेदारियों, निजी कारणों या फिर चोट या बीमारी के कारण उपलब्ध नहीं हो पाता, तो टूर्नामेंट के बचे हुए मैचों के लिए टीमें अस्थायी रिप्लेसमेंट ले सकती हैं। लेकिन शर्त ये है कि अब से जो भी अस्थायी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी साइन किए जाएंगे, उन्हें रिटेन नहीं किया जा सकता। उन्हें 2026 की आईपीएल नीलामी में रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### ये खिलाड़ी हो सकते हैं रिटेन

आईपीएल ने ये भी साफ किया कि लीग के निलंबन से पहले जो रिप्लेसमेंट साइन हुए थे, वे अगले सीजन के लिए रिटेन किए जा सकते है। निलंबन से 48 घंटे पहले चार खिलाड़ियों को रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया गया था। इनमें सेदिकुल्लाह अटल (दिल्ली), मयंक अग्रवाल (बेंगलुरु), लुहान डिप्रीटोरियस और नांद्रे बर्गर (राजस्थान) शामलि हैं।

### द.अफ्रीकी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे आईपीएल प्लेआफ

**जोहानिसबर्ग।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये चुने गए दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर आईपीएल प्लेआफ से बाहर रह सकते हैं क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड का स्पष्ट रूख है कि लीग से ऊपर देश के लिये खेलने को रखना होगा। बीसीसीआई ने सोमवार को पुष्टि की कि आईपीएल 17 मई से शुरू होगा और फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। संशोधित कार्यक्रम ने आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के उन क्रिकेटरों को दुविधा में डाल दिया है जिन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना है। फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई ने विदेशी बोर्ड से उनके खिलाड़ियों को लीग के बाकी मैचों में उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सीएसए ने हालांकि दोहराया है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां उसकी प्राथमिकता है। सीएसए के राष्ट्रीय टीम और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोक एनक्वे ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह व्यक्तिगत फैसला है कि उन्हें लीग खेलने लौटना है या नहीं। एक बात हमने साफ कर दी है कि हम बीसीसीआई और आईपीएल से बात कर रहे हैं लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों का कार्यक्रम यथावत रहेगा।'

# सेन थाईलैंड ओपन से बाहर अगले दौर में आकर्षि, उन्नति

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर से बाहर हो गए हैं जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गईं। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18-21, 21-9, 17-21 से हराया।

पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे में लय हासिल कर ली लेकिन निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। प्रियांशु राजावत भी पहले दौर में बाहर हो गए जिन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-13, 17-21, 21-16 से मात दी। महिला एकल में



आकर्षि ने जापान की कोआरु सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18-21, 7-21 से हार गई।

## नीरज 23 को पोलैंड में देंगे चुनौती

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा बेंगलुरु में अगले हफ्ते प्रस्तावित एनसी क्लासिक के स्थगित होने के बाद 23 मई को पोलैंड के चोरजोव में 71वें ओरलेन जानुस्ज कुसोसिन्सकी मेमोरियल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज को एनसी क्लासिक में विश्व भर और भारत के कुछ अन्य स्टार खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेना था और उन्हें 24 मई को इस प्रतियोगिता की मेजबानी भी करनी थी लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। चोरजोव में नीरज को दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर और पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मार्सिन क्रुकोवस्की के अलावा साइप्रियन मर्जिग्लोड और डेविड वेगनर जैसे स्थानीय खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता नीरज के लिए सत्र का तीसरा टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका में की और अब 16 मई को दोहा डाइमंड लीग में हिस्सा लेंगे।



### टेस्ट संन्यास

# नहीं घटेगा रोहित-कोहली का कद ए+ ग्रेड से मिलेंगे सात करोड़ रुपए



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भी केंद्रीय अनुबंध में इन दोनों खिलाड़ियों का ग्रेड नहीं घटेगा। इसे लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जानकारी दी है। रोहित और कोहली लंबे समय तक भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उन्हें हाल ही में जारी बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में ए प्लस वर्ग में रखा गया था।

रोहित और कोहली ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले एक सप्ताह के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। यह दोनों खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे। हालांकि, सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बाद उनका केंद्रीय अनुंबध का ग्रेड घटाया नहीं जाएगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी है। सैकिया ने कहा, भले ही रोहित और कोहली ने टी20 के बाद टेस्ट से भी संन्यास का एलान कर दिया है, लेकिन वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा हैं, इसलिए इन दोनों को केंद्रीय अनुबंध के ग्रेड ए प्लस की सुविधा मिलती रहेगी।

### 34 खिलाड़ी अनुबंधित

बीसीसीआई ने पिछले महीने साल 2024-2025 के लिए खिलाड़ियों के वार्षिक अनुबंध की सूची का ऐलान कर दिया था। इस लिस्ट में कुल 34 खिलाड़ी हैं। चार खिलाड़ियों को ए+ ग्रेड में रखा गया जिसमें रोहित और कोहली भी शामिल थे। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की ए+ श्रेणी में बरकरार रखा गया था।

### ग्रेड ए+ को मिलते हैं सालाना 7 करोड़ रुपए

बीसीसीआई ए+ ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपए देता है, जबकि ए ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को पांच करोड़ और बी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को तीन करोड़ और सी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये देता है। बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह मिलती है जो एक साल के अंदर कम से कम तीन टेस्ट, आठ वनडे या 10 टी20 मैच जरूर खेले हों।

### जगह लेने के लिए भारत के पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत के पास बेखौफ और आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले अगली पीढ़ी के क्रिकेटर हैं जो विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह ले सकते हैं।



कोहली और रोहित ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। पिछले साल टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके ये दोनों दिग्गज वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। एंडरसन ने कहा, 'महान खिलाड़ी। कोहली टेस्ट क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक। शर्मा के संन्यास के बाद एक नया कप्तान होगा।

# महिला वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर बरकरार, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| दुबई

त्रिकोणीय श्रृंखला में जीत की बदौलत भारत को बुधवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में आठ अंक का फायदा हुआ जिससे उसने अपने और दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के बीच के अंकों के अंतर को कम किया।

दूसरे स्थान पर मौजूद भारत के अब 121 रेटिंग अंक है और वह इंग्लैंड से सिर्फ छह अंक पीछे है। सात बार का विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 167 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अपडेट के बाद अब उसकी बढ़त 44 से घटकर 40 अंक की रह गई है। शीर्ष छह टीम की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें न्यूजीलैंड (96), दक्षिण अफ्रीका (90) और श्रीलंका (82) भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका को नवीनतम रैंकिंग में नौ रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है लेकिन इसके बावजूद टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। अपडेट के बाद मई 2022 से अप्रैल 2024 के बीच के मुकाबलों को 50 प्रतिशत 'वेटेज' मिलेगी जबकि इसके बाद के मुकाबलों को शत प्रतिशत। अब 2022 में हुए 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन को रैंकिंग की गणना से बाहर कर दिया गया है।



### शीर्ष भारतीय साइकिलिस्ट ईसो अल्बान को सड़क पर ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने टक्कर मारी

नई दिल्ली। भारतीय साइकिल राइडर ईसो अल्बान को बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर के पास सड़क पर ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी लेकिन सौभाग्य से उन्हें 'मामूली' चोटें ही लगी।अंडमान एवं निकोबार द्वीप के 24 वर्षीय ईसो साइ साइकिलिंग अकादमी में रहते हैं और ट्रेनिंग लेते हैं जिसमें एक शीर्ष श्रेणी का वेलोड्रोम है। इंदिरा गांधी खेल परिसर में स्थिति इस सुविधा को वैश्विक संचालन संस्था यूसीआई से मान्यता मिली है। ईसो ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, "आज ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने मुझे पीछे से टक्कर मार दी। वे 100 किमी प्रति घंटा से अधिक की गति से गाड़ी चला रहे थे। मैं अपनी लेन में था। ध्यान केंद्रित कर रहा था। अनुशासित था। फिर भी उन्होंने मुझे दोषी ठहराया और कोई खेद नहीं दिखाया।

### पहलगाम हमला : हॉकी इंडिया कर रहा सरकार के परामर्श का इंतजार

# पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जाएगा।

मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।' महासंघ के एक सूत्र ने कहा, 'अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रुख पर निर्भर करता है।'



### एशियाई हॉकी महासंघ लेगा फैसला

अगर पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नई टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा। एक अधिकारी ने बताया, 'अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा।' पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलना भी मुश्किल है।

## खबर संक्षेप

### श्रीनगर से जल्द रवाना होगा हज यात्रियों का जत्था



**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद हज यात्रियों का दूसरा जत्था जल्द ही सऊदी अरब के लिए श्रीनगर से रवाना होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हज यात्रा को लेकर कैंप लगाए गए हैं, जहां सऊदी अरब जाने वाले लोग हज यात्रा की प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं। श्रीनगर से हज यात्रियों का पहला जत्था 4 मई 2025 को रवाना हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर की वजह से 7 मई और 12 मई को रवाना होने वाले हज यात्रियों की 7 उड़ानें रद्द कर दी गई थीं।

### लुंगी पहन व्हीलचेयर पर थाईलैंड भागे पूर्व राष्ट्रपति



**ढाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक घमासान के बीच पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद सुबह 3 बजे थाईलैंड के लिए रवाना हुए और देश छोड़कर चले गए। वो ढाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाई एयरवेज की फ्लाइट पर सवार हुए। वो लुंगी में व्हीलचेयर पर बैठे नजर आए। जब अंतरिम सरकार की नींद खुली और उसे पता चला कि क्या हुआ है तो उसने अधिकारियों को सस्पेंड और ट्रांसफर कर दिया और एक उच्च स्तरीय जांच का गठन किया। पूर्व राष्ट्रपति की प्रदर्शनकारियों के खिलाफ उठाए गए कदमों की जांच की जा रही थी।

### पाक ने भारतीय राजनयिक को अवांछित घोषित किया



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' (अवांछित व्यक्ति) घोषित कर दिया है। भारतीय अधिकारी को 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायुक्त कार्यालय के एक कर्मचारी को उनकी विशेष स्थिति के खिलाफ गतिविधियों में संलिप्तता होने के कारण पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया है। इस निर्णय के बारे में भारतीय चार्ज डिअफेयर्स को जानकारी दी गई है।

## भारत ने गोपालपुर परीक्षण रेंज में किया भार्गवास्त्र का सफल परीक्षण

# दुश्मन के ड्रोन के झुंड के झुंड आ जाएंगे, कोई नहीं बचेगा, आ गया 'भार्गवास्त्र'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाक तनाव के बीच एलओसी से लेकर आईबी तक अब दुश्मन के ड्रोन के झुंड के झुंड ही क्यों न आ जाएं। कोई भी बचकर नहीं जा सकेगा। 'भार्गवास्त्र' पलक झपकते ही सबका काम तमाम कर देगा। जी हां, यह भारत का एक नया और कम लागत वाला काउंटर ड्रोन सिस्टम है, जिसमें इस्तेमाल किए गए छोटे रॉकेटों का बीते 13 मई को गोपालपुर की सीवर्ड परीक्षण रेंज में भारतीय सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में सफल परीक्षण किया गया है। इस दौरान रॉकेट के कुल तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर तीन परीक्षण हुए और इसके बाद एक टेस्ट दो सेकंड के भीतर दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चारों रॉकेट परीक्षण के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। साथ ही इन्होंने बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों (स्वार्म ड्रोन अटैक) का तकनीक के माध्यम से आसानी से मुकाबला करने की आवश्यकता व क्षमता दोनों को प्रदर्शित किया है।

### हार्ड किल मोड में किया डिजाइन

भार्गवास्त्र को हार्ड किल मोड में डिजाइन किया गया है। यह करीब 2.5 किलोमीटर तक की दूरी पर छोटे और आने वाले ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसे स्वदेशी रूप से सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने डिजाइन के साथ विकसित किया है। भार्गवास्त्र की पहली रक्षा लेयर में 20 मीटर की रेंज से आने वाले ड्रोन के हमले को बेअसर करने के लिए अनगाइडेड माइक्रो रॉकेट का प्रयोग किया गया। जबकि दूसरी लेयर गाइडेड माइक्रो मिसाइल से लैस है।





### आकाशतीर ने साबित की अपनी क्षमता

वहीं, भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने एक्स पोस्ट में बताया कि उनके स्वदेशी डिजाइन के साथ तैयार किए गए आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सैन्य हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर अपनी मारक क्षमता साबित की है। यह युद्ध के मैदान में प्रदर्शित की गई सिस्टम की काबिलियत का प्रमाण है। इस सिस्टम के साथ एकीकृत ग्राउंड आधारित रक्षा सिस्टम ने पाकिस्तान के हवाई कारनामों को नेस्तनाबूद कर दिया। एक अन्य पोस्ट में बीईएल ने कहा कि प्रणाली ने उपयोगकर्ताओं की अपेक्षाओं से बढ़कर प्रदर्शन किया और मौजूदा संघर्ष के दौरान भारत को मजबूत वायु रक्षा प्रदान की।

## राष्ट्रपति से मिले तीनों सेनाध्यक्ष और सीडीएस

# मुर्मू ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को गौरवपूर्ण उपलब्धि बतलाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) व तीनों सेनाध्यक्ष बुधवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्षों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी जानकारी साझा की गई। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की सुप्रीम कमांडर हैं।इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को सफल बनाने में सशस्त्र बलों के साहस और समर्पण की सराहना की। राष्ट्रपति मुर्मु ने सैन्य बलों के इस अभियान को एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को ऑपरेशन सिंदूर के अनुभव बताए व इससे विस्तृत जुड़ी जानकारी दी।

### पाक सेना को हुआ भारी नुकसान

पाकिस्तान आतंकवादियों के समर्थन में खड़ा हुआ और पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों को टारगेट करने की कोशिश की। हालांकि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के सभी हमलों को विफल कर दिया। इतना ही नहीं भारतीय सेना के जवाबी हमले में पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ा, उसकी एयर डिफेंस प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तानी सेना अपने कई एयरबेस की भी रक्षा नहीं कर सकी।

### 100 से अधिक आतंकी मारे

22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान और पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए गए। सेना के मुताबिक इन हमलों में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। सेना द्वारा किए गए इस ऑपरेशन की जानकारी राष्ट्रपति को दी गई है। भारतीय सेना ने केवल आतंकवादियों और आतंकवादी ठिकानों को अपना निशाना बनाया था।

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से सवाल, पदों को लैंगिक रूप से तटस्थ क्यों बताया?

# यदि महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने निर्देश दिए कि 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी) के रूप में नियुक्ति के लिए अगले उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उन्हें शामिल करने के उद्देश्य से जो भी कार्रवाई आवश्यक है, उसे शुरू किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सेना की 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी-विधि) शाखा में 50-50 चयन मानदंड पर सवाल उठाते हुए केंद्र से पूछा कि यदि भारतीय वायुसेना में कोई महिला राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती है तो सेना की जेएजी शाखा के पदों पर कम महिला अधिकारी क्यों हैं? न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आठ मई को दो अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं ने अपने कई समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया था लेकिन महिलाओं के लिए कम रिक्तियां निर्धारित होने के कारण जेएजी विभाग के लिए उनका चयन नहीं किया गया।

अधिकारियों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए 'असंगत' रिक्तियों को चुनौती देते हुए कहा था कि उनका चयन नहीं किया जा सका क्योंकि कुल छह पदों में से महिलाओं के लिए केवल तीन रिक्तियां थीं। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि पदों को लैंगिक रूप से तटस्थ क्यों बताया गया है जबकि रिक्तियां लैंगिकता के आधार पर विभाजित होने के कारण उच्च योग्यता वाली महिला उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जा सका।

### पुरुषों व महिलाओं के लिए रिक्तियों को चुनौती दी

### उच्च योग्यता वाली महिला उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया



### पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ सुनिश्चित करें

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों के वास्ते उचित फुटपाथ सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया और इसे उनका संवैधानिक अधिकार बताया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उनके साथ दुर्घटना होने की आशंका होती है। नागरिकों के लिए उचित फुटपाथ का होना आवश्यक है। ये ऐसे होने चाहिए कि जो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों और इन पर से अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। पैदल यात्रियों को फुटपाथ का इस्तेमाल करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा है। बिना अवरोध वाले फुटपाथ का अधिकार निश्चित रूप से एक आवश्यक विशेषता है।

### नौकरी छोड़ने वाली महिला गुजारा भत्ता पाने की हकदार

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि एक महिला का अपने बच्चे की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ना 'स्वैच्छिक परित्याग' नहीं होता है, इसलिए वह गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने 13 मई को जारी एक आदेश में कहा कि इस स्थिति को बच्चे की देखभाल करने के परम कर्तव्य के परिणाम के तौर पर देखा जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने एक महिला और उसके नाबालिग बेटे को अंतरिम भरण-पोषण देने संबंधी निचली अदालत के आदेश को खारिज करने से मना कर दिया।

### पीठ ने दिए नियुक्ति के निर्देश

पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि हम याचिकाकर्ता अर्शनूर कौर द्वारा प्रस्तुत मामले से प्रथम दृष्टया संतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिए कि 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी) के रूप में नियुक्ति के लिए अगले उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उन्हें शामिल करने के उद्देश्य से जो भी कार्रवाई आवश्यक है, उसे शुरू किया जाए। केंद्र और सेना की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि 2012 से 2023 तक 70:30 (या अब 50:50) के अनुपात में पुरुष और महिला अधिकारियों की भर्ती की नीति को भेदभावपूर्ण एवं मौलिक अधिकारों का हनन कहना गलत होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने भूमि विवाद मामले में अपना आदेश वापस लिया

उच्चतम न्यायालय ने उस भूमि विवाद मामले में अपना आदेश वापस ले लिया है, जिसमें यह बात सामने आई है कि अनुकूल फैसला एक फर्जी समझौते और एक 'छद्म' प्रतिवादी के माध्यम से हासिल किया गया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री को इस मामले में जांच करने और तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

# एके 47 राइफलें, मैगजीन, ग्रेनेड गोला-बारूद व अन्य सामान शामिल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

### शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद



13 मई को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की थी। मंगलवार सुबह आठ बजे आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। ढेर किए गए तीनों आतंकवादी लश्कर-ए-ताइबा के थे। दो की पहचान शीर्ष कमांडर शाहिद कुट्टे और अदनान शफी के रूप में हुई है।

### ए-कैटेगरी का आतंकी था कुट्टे

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार सुबह मुठभेड़ में मारा गया आतंकी शाहिद कुट्टे शोपियां के चोटीपोरा हीरपोरा इलाके का निवासी था। कुट्टे मार्च 2023 में लश्कर-ए-ताइबा में शामिल हुआ था। वह लश्कर का ए-कैटेगरी का आतंकवादी था और संगठन का शीर्ष कमांडर था।


# भारत ने ब्लॉक किए तुर्किये और चीन के मीडिया आउटलेट के एक्स अकाउंट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद से खुलकर पाकिस्तान के समर्थन में खड़े होकर भारत के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी प्रचारित-प्रसारित करने वाले तुर्किये और चीन के सरकारी मीडिया आउटलेट्स (चीन के सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ न्यूज एजेंसी और तुर्किये का टीआरटी) के एक्स हैंडल बुधवार को भारत ने ब्लॉक कर दिए हैं। यह प्रतिबंध विदेश मंत्रालय द्वारा की गई उस निगरानी के तुरंत बाद लगाया गया है। जिसमें मंत्रालय ने पाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया। साथ ही चीन के सरकारी सोशल मीडिया हैंडल पर भारत की गाज इसलिए गिरी क्योंकि हाल ही में ग्लोबल टाइम्स ने पाक सेना के सूत्रों के हवाले से दी गई शिन्हुआ एजेंसी की एक रिपोर्ट के आधार पर भारत-पाक सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान द्वारा भारत के तीसरे लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने को लेकर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस कार्रवाई के पीछे भारत का तर्क यह है कि मीडिया आउटलेट को अपनी रिपोर्ट में निष्पक्ष होना चाहिए। लेकिन अगर वह केवल पाकिस्तानी पक्ष ही पेश करेंगे और भारत की उपेक्षा करेंगे तो हम कार्रवाई करेंगे।

## दोनों देशों को चला गया कड़ा संदेश, अब भारत में नहीं चलेगी कोई नापाक चाल

### भारतीय दूतावास ने आपत्ति जताई थी




मामले पर बीजिंग में भारतीय दूतावास ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए ग्लोबल टाइम्स को अपने तथ्यों और सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी को प्रसारित-प्रचारित करने से पहले उसकी गहन जांच करने के लिए कहा था। वहीं, तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोआन पहले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दिए अपने एक संदेश में अपने देश के पूर्ण समर्थन का ऐलान कर चुके हैं। यहां सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि एर्दोआन ने अपने संदेश में एक भी बार आतंकवाद की निंदा नहीं की है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच हुई सैन्य कार्रवाई में एलओसी-आईबी से लेकर अन्य भारतीय इलाकों में हमला करने के लिए पाकिस्तान द्वारा तुर्किये के ड्रोन और चीन में निर्मित मिसाइल के इस्तेमाल के तथ्य से वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पहले ही परदा उठा चुके हैं। तुर्किये ड्रोन व चीनी मिसाइलों के हमले को भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह से अपनी कार्रवाई में नाकाम किया है।

### आतंकवाद पर मौन एर्दोआन

एक भारतीय अधिकारी के मुताबिक, हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है और तुर्किये के राष्ट्रपति आतंकवाद पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। दोनों देशों के मीडिया आउटलेट पहलगाम में हुए आतंकी हमले को कम करके आंक रहे हैं। जबकि भारत ने इसे भयावह के साथ ही अत्यंत दुखदायक बताया था। दूसरी ओर चीन की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों को संयम बरतने की अपील की गई थी।

## कनाडा और पाकिस्तान में हिंदू बेटियों ने रच दिया एक नया इतिहास

### अनिता भारत और अमेरिका के साथ संबंधों को फिर से मजबूत करेंगी

# अनिता आनंद विदेश मंत्री और बलूचिस्तान प्रांत में कशिश पहली महिला असिस्टेंट कमिश्नर बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर तालमेल बनाकर अमेरिका के साथ संबंध मजबूत करना होगा।

### कशिश अल्पसंख्यकों के विकास के लिए काम करेंगी



**बीपीएससी की परीक्षा पास की**

*बलूचिस्तान के चगाई जिले के नोशकी शहर की रहने वाली कशिश चौधरी ने महज 25 साल की उम्र में इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाली वह बलूचिस्तान प्रांत की पहली महिला बनी हैं, जिन्हें असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बलूचिस्तान पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की परीक्षा पास की है।*

### भारतीय मूल के तीन और लोगों को दिए पद

*कनाडा के पीएम ने मनिंदर सिद्धू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री और भारतीय मूल के दो अन्य लोगों को राज्य सचिव नियुक्त किया है। यह पद राज्य मंत्री के समकक्ष माना जाता है। रूबी सहोता, जो पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की मंत्री थीं, उन्हें राज्य सचिव बनाया गया है और अपराध से निपटने का प्रभार दिया गया है। रणदीप सराय दस राज्य सचिवों में से एक हैं और वे अंतर्राष्ट्रीय विकास से निपटेंगे।*

### कशिश गर्व का प्रतीकः सीएम

*कशिश चौधरी और उनके पिता ने क्वेटा में बलूचिस्तान के सीएम सरफराज बुगती से मुलाकात की। सीएम बुगती ने कहा कि यह देश और बलूचिस्तान के लिए गर्व की बात है कि हमारे अल्पसंख्यक समुदाय की बेटियां इतनी मेहनत कर अहम पदों तक पहुंच रही हैं। कशिश हमारे लिए गर्व का प्रतीक हैं। कशिश ने कहा कि वह महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण के साथ-साथ प्रांत के समग्र विकास के लिए काम करेंगी।*

### ट्रंप और अल-शरा की चौंकाने वाली मुलाकात

# 33 मिनट तक हुई बातचीत, सीरिया पर वर्षों पुराना प्रतिबंध भी हटाया

एजेंसी ▶▶ रियाद

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया के नए राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से सऊदी अरब में मुलाकात की। ट्रंप और अल-शरा के बीच बैठक लगभग 33 मिनट तक चली, जिसमें सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी मौजूद रहे और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने वीडियो कॉल के जरिए हिस्सा लिया। इसके बाद ट्रंप ने सीरिया पर लगे 13 साल पुराने प्रतिबंध हटाने का ऐलान किया।



### ट्रंप से अंबानी की मुलाकात

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने ट्रंप से कतर के दोहा में मुलाकात की। उन्होंने ट्रंप से राष्ट्रपति बनने के बाद दूसरी बार मुलाकात की। मुकेश अंबानी दोहा के लुसैल पैलेस में कतर के अमीर द्वारा ट्रंप के सम्मान में आयोजित राजकीय रात्रिभोज में शामिल हुए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109